NEET Bulletin Helpline No.
8800265682
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष- 15 अंक- 191 लखनऊ, मंगलवार 03 मार्च 2026 मूल्य- 02 रुपये पृष्ठ- 08

## सउदी अरब क्राउन प्रिंस से पीएम मोदी ने की बात, हमलों की निंदा के साथ भारतीयों की सुरक्षा पर हुई चर्चा

एजेंसी।

दिल्ली। प्रधानमंत्री मोदी ने सऊदी अरब और बहरीन के नेताओं से बात कर पश्चिम एशिया में हुए ईरानी हमलों की निंदा की और भारत की एकजुटता व्यक्त की। उन्होंने इस बातचीत में खाड़ी देशों में भारतीय समुदाय के कल्याण और सुरक्षा के मुद्दे पर भी चर्चा की। मध्य पूर्व में जारी संघर्ष के बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान अल सऊद और बहरीन के राजा हमद बिन ईसा अल खलीफा से फोन पर बातचीत की। दोनों नेताओं से हुई बातचीत के दौरान, प्रधानमंत्री ने सऊदी अरब और बहरीन पर ईरान के हमलों की निंदा की और दोनों देशों में रहने वाले भारतीय समुदाय के कल्याण पर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने पोस्ट में लिखा कि बहरीन के राजा, महामहिम हमद बिन ईसा अल



खलीफा से सार्थक फोन पर बातचीत हुई। भारत बहरीन पर हुए हमलों की निंदा करता है और इस कठिन घड़ी में वहां के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है। बहरीन में भारतीय समुदाय को दिए गए उनके अटूट समर्थन के लिए मैं उन्हें धन्यवाद देता हूं। मोदी ने एक अन्य पोस्ट में कहा कि मैंने सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री, महामहिम प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के साथ पश्चिम एशिया में उभरती स्थिति पर चर्चा की। भारत सऊदी अरब पर हाल ही में हुए हमलों की निंदा करता है, जो उसकी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन हैं। अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष शुरू होने के बाद से प्रधानमंत्री मोदी खाड़ी देशों के नेताओं के साथ नियमित रूप से संपर्क में हैं। रविवार को उन्होंने अपने इजराइली समकक्ष बेंजामिन नेतन्याहू से फोन पर बातचीत की और क्षेत्र में सभी प्रकार की शत्रुता को जल्द समाप्त करने के लिए भारत की अपील को दोहराया।नेतन्याहू के अलावा, उन्होंने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से भी बात की, खाड़ी देशों पर ईरानी हमलों की निंदा की और क्षेत्र में तनाव कम करने का आह्वान किया। उन्होंने यूएई में भारतीय समुदाय की देखभाल करने के लिए अल नाहयान को धन्यवाद भी दिया। प्रधानमंत्री ने स्थिति की समीक्षा के लिए कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी (सीसीएस) की अध्यक्षता भी की। सीसीएस की बैठक रविवार रात को हुई, जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोवाल, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, कैबिनेट सचिव टीवी सोमनाथन, विदेश सचिव विक्रम मिसरी और अन्य उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का विकास मंत्र, कहा- यूपी मे डबल इंजन की सरकार से मिल रही सुविधा और सुरक्षा

संवाददाता।

लखनऊ। आदित्यनाथ ने कहा अपनाई जा रही शासन प्रणाली पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि विकास ऊपर से नीचे की ओर नहीं बढ़ता, बल्कि जमीनी स्तर से शुरू होता है। उन्होंने दोहराया कि समग्र राष्ट्रीय विकास हासिल करने के लिए गांवों, कस्बों और स्थानीय इकाइयों को मजबूत करना आवश्यक है।उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि दो इंजन वाली सरकार राज्य के लोगों को सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। होलिका दहन शोभा यात्रा के दौरान एक सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास जमीनी स्तर से शुरू होता है। आज दो इंजन वाली सरकार सभी सुविधाएं और सुरक्षा प्रदान कर रही है। राज्य का विकास होगा तो देश का विकास



होगा। विकास की इकाई ऊपर से नीचे नहीं, बल्कि नीचे से ऊपर की ओर जाती है।आदित्यनाथ ने कहा अपनाई जा रही शासन प्रणाली पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि विकास ऊपर से नीचे की ओर नहीं बढ़ता, बल्कि जमीनी स्तर से शुरू होता है। उन्होंने दोहराया कि समग्र राष्ट्रीय विकास हासिल करने के लिए गांवों, कस्बों और स्थानीय इकाइयों को मजबूत करना आवश्यक है। इस बीच, उत्तर प्रदेश के रियल एस्टेट और बुनियादी ढांचा क्षेत्रों को बड़ा बढ़ावा मिलने वाला है क्योंकि प्रमुख रियल एस्टेट डेवलपर 1—ट।ज्ञ ने राज्य सरकार के साथ 3,000 करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापन (डवन्) पर हस्ताक्षर किए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सिंगापुर की आधिकारिक यात्रा के दौरान इस समझौते को औपचारिक रूप दिया गया, जहां उन्होंने 1—ट।ज्ञ के प्रबंध निदेशक अमृतांशु रॉय से मुलाकात की। अमृतांशु रॉय सिंगापुर स्थित ग्रीनफील्ड एडवाइजरी के मुख्य परिचालन अधिकारी (ब्ब्) भी हैं, जो 1—ट।ज्ञ की मूल कंपनी है। ग्रीनफील्ड एडवाइजरी कई अंतरराष्ट्रीय बाजारों में वैश्विक निवेश, परिसंपत्ति प्रबंधन और रियल एस्टेट विकास परियोजनाओं की देखरेख करती है।

## तमिलनाडु में प्रधानमंत्री ने दिया बड़ा सियासी संदेश, दीपम मुद्दे पर जान देने वाले श्रद्धालु के घर जाकर परिजनों से मिले पीएम मोदी

एजेंसी।

दिल्ली। प्रधानमंत्री ने तिरुपरंकुंड्रम स्थित श्री सुब्रह्मण्य स्वामी मंदिर में पूजा अर्चना की। यह मंदिर तमिल आस्था का प्रमुख केंद्र है और कार्तिगई दीपम पर्व के समय यहां विशेष महत्व होता है। पिछले वर्ष दीप प्रज्वलन अधिकार को लेकर हुए विवाद के दौरान एक युवा श्रद्धालु ने अपना जीवन समाप्त कर लिया था। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव की आहट के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दौरा राजनीतिक और सांस्कृतिक दोनों दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मदुरै और तिरुपरंकुंड्रम में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान उन्होंने जहां राज्य की सत्तारुढ़ द्रमुक सरकार पर तीखा हमला बोला, वहीं दीपम अधिकार के मुद्दे को उठाने वाले एक श्रद्धालु के घर जाकर बड़ा संदेश भी दिया। इस कदम ने पूरे राज्य में व्यापक चर्चा को जन्म दिया है।हम आपको बता दें कि प्रधानमंत्री ने तिरुपरंकुंड्रम स्थित श्री सुब्रह्मण्य स्वामी मंदिर में पूजा अर्चना की। यह मंदिर तमिल आस्था का प्रमुख केंद्र है और कार्तिगई दीपम पर्व के समय यहां विशेष महत्व होता है। पिछले वर्ष दीप प्रज्वलन अधिकार को लेकर हुए विवाद के दौरान एक युवा श्रद्धालु ने अपना जीवन समाप्त कर लिया था। इस घटना ने राज्य भर में भावनात्मक प्रतिक्रिया उत्पन्न की थी। प्रधानमंत्री ने उसी श्रद्धालु के घर



जाकर उनके परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि उनका मन भारी है और किसी भी परिवार को ऐसी पीड़ा से नहीं गुजरना चाहिए। इस मुलाकात को प्रतीकात्मक रूप से उस भावना से जोड़ा जा रहा है कि केंद्र सरकार तमिल संस्कृति और धार्मिक परंपराओं के प्रति सम्मान रखती है। चुनावी माहौल में यह संदेश विशेष महत्व रखता है, क्योंकि द्रमुक पर आरोप लगते रहे हैं कि वह परंपरागत धार्मिक मुद्दों के प्रति संवेदनशील नहीं है।साथ ही मदुरै की जनसभा में प्रधानमंत्री ने द्रमुक पर कई घोटालों में लिप्त होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सामान्यतः मंत्री अच्छे कार्यों में प्रतिस्पर्धा करते हैं, परंतु यहां मंत्री घोटालों में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। उन्होंने स्थानांतरण, नौकरी, ठेका और बालू खनन से जुड़े कथित घोटालों का उल्लेख करते हुए कहा कि यह सरकार गरीबों, युवाओं और किसानों के अधिकारों की अनदेखी कर रही है। प्रधानमंत्री ने पूर्व मुख्यमंत्री के. कामराज का उल्लेख करते हुए उनकी ईमानदारी को आदर्श बताया और कहा कि आज की सत्ता उस परंपरा से भटक चुकी है। उन्होंने दावा किया कि राज्य की जनता परिवर्तन का मन बना चुकी है और आगामी चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को अवसर देगी, जिसमें अन्नाद्रमुक प्रमुख सहयोगी है।प्रधानमंत्री ने साथ ही कच्चातीवु द्वीप का मुद्दा उठाते हुए कहा कि कच्चातीवु को श्रीलंका को सौंपे जाने पर तमिल हितों की अनदेखी हुई थी। उन्होंने यह भी कहा कि जल्लीकट्टु पर जब प्रतिबंध लगा था, तब केंद्र ने अध्यादेश के माध्यम से उसे जारी रखने का मार्ग प्रशस्त किया। जल्लीकट्टु तमिल पहचान का महत्वपूर्ण प्रतीक माना जाता है। उन्होंने संसद भवन में सेंगोल की स्थापना का उल्लेख करते हुए कहा कि तमिल परंपरा को राष्ट्रीय सम्मान दिया गया है। इन उदाहरणों के माध्यम से उन्होंने यह संदेश देने का प्रयास किया कि केंद्र सरकार तमिल संस्कृति के गौरव को सुदृढ़ कर रही है।

प्रधानमंत्री ने साथ ही राज्य के उपमुख्यमंत्री उदयनीधि स्टालिन के उस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कि उन्हें किसी से भय नहीं है। प्रधानमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र में भय का स्थान नहीं होता। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का प्रमाण बताया। साथ ही उन्होंने कानून व्यवस्था, महिला सुरक्षा और मादक पदार्थों की समस्या का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि गठबंधन सत्ता में आता है तो अपराध और मादक जाल पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री जे जयललिता को स्मरण करते हुए कहा कि राज्य को सुशासन की दिशा में पुनः अग्रसर करना आवश्यक है। देखा जाये तो तमिलनाडु लंबे समय से द्रविड़ राजनीति का गढ़ रहा है। ऐसे में प्रधानमंत्री का सीधे एक श्रद्धालु के घर जाकर संवेदना प्रकट करना केवल मानवीय पहल नहीं, बल्कि सांस्कृतिक जुड़ाव का संकेत भी है। इससे धार्मिक भावनाओं को सम्मान देने का संदेश गया है, जो ग्रामीण और पारंपरिक मतदाताओं को प्रभावित कर सकता है।

## दिल्ली में लखपति बेटी योजना लान्च, सीएम रेखा गुप्ता बोलीं- ग्रेजुएशन पर मिलेंगे सवा लाख रुपये

एजेंसी।

दिल्ली। पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार ने मुफ्त सिलेंडर देने का वादा पूरा किया है और राष्ट्रीय राजधानी की महिलाओं को पिंक कार्ड भी प्रदान किए हैं। उन्होंने कहा कि मैं दिल्ली के सभी निवासियों को होली की शुभकामनाएं देती हूं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राष्ट्रीय राजधानी के निवासियों को होली की शुभकामनाएं दीं और लड़कियों के लिए एक नई कल्याणकारी योजना, श्दिल्ली लखपति बेटी योजनाश की शुरुआत की घोषणा की। पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार ने मुफ्त सिलेंडर देने का वादा पूरा किया है और राष्ट्रीय राजधानी की महिलाओं को पिंक कार्ड भी प्रदान किए हैं। उन्होंने कहा कि मैं दिल्ली के सभी निवासियों को होली की शुभकामनाएं देती हूं। हमने मुफ्त सिलेंडर देने का वादा पूरा किया है और दिल्ली की बहनों को पिंक कार्ड भी प्रदान किए हैं। अब हमारी दिल्ली की बहनें दिल्ली की डीटीसी बसों में यात्रा कर सकेंगी। आज हमने दिल्ली की बेटियों के लिए एक नई योजना, दिल्ली लखपति बेटी योजना शुरू की है।

## सरस मेले के समापन पर बोले केशव प्रसाद मौर्य, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का आह्वान

संवाददाता।

लखनऊ "जब नारी सशक्त होती है तो परिवार, समाज और राष्ट्र सशक्त होता है। स्वयं सहायता समूहों की बहनों ने यह सिद्ध कर दिया है कि यदि अवसर और मंच मिले तो वे आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभा सकती हैं।" यह उद्गार प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ज्ञर्मेंअ च्तेंक डंनतलं ने संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में आयोजित ग्यारह दिवसीय राष्ट्रीय स्तर के सरस मेले के भव्य समापन समारोह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार महिला सशक्तिकरण और स्वावलंबन को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। स्वयं सहायता समूहों की बहनों ने मेले में सजावटी सामग्री, खाद्य प्रसाद, पीतल शिल्प, अचार–मुरब्बा, चमड़ा उत्पाद, कृत्रिम आभूषण, वस्त्र, कालीन, जूट एवं मूंज उत्पादों के माध्यम से न केवल अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, बल्कि उल्लेखनीय व्यापार कर यह साबित किया कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ महिलाएं ही हैंउन्होंने आह्वान किया कि प्रत्येक समूह अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़ते हुए प्रदेश में एक करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाएं तथा उन्हें भविष्य में करोड़पति महिला बनाने की दिशा में संगठित प्रयास करें। उन्होंने कहा कि यह पहल आत्मनिर्भर और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की मजबूत आधारशिला बनेगी।समारोह के दौरान उप मुख्यमंत्री ने वाराणसी की दो बीमा सखियों मीना देवी एवं प्रतिभा देवी तथा दो लखपति महिलाओं शर्मीला देवी एवं लक्ष्मी वर्मा को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। जनपद के 703 समूहों को सामुदायिक निवेश निधि तथा 20 समूहों को आवर्ती निधि मद में कुल 10 करोड़ 60 लाख 50



हजार रुपये की धनराशि का प्रतीकात्मक चेक प्रदान किया गया। साथ ही दो समूहों की महिलाओं को ई–रिक्शा वितरित कर प्रमाण पत्र सौंपे गए।मेले में सर्वाधिक बिक्री के लिए लखीमपुर खीरी जनपद के समूह को प्रथम तथा मीरजापुर जनपद को द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया। सर्वश्रेष्ठ स्टाल सजावट हेतु गाजीपुर के मालिक मरदान शाह समूह को सम्मानित किया गया। उप मुख्यमंत्री ने सभी स्टालों का अवलोकन कर उत्पादों की जानकारी ली तथा आजीविका मिशन द्वारा संचालित भोजन परिसर की सराहना की।कार्यक्रम में पैकेजिंग, ब्रांडिंग और विपणन विषयक कार्यशाला का आयोजन भी किया गया, जिससे समूहों की उत्पाद गुणवत्ता और बाजार प्रतिस्पर्धा को और सुदृढ़ किया जा सके।इस अवसर पर महापौर अशोक तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य, विधान परिषद सदस्य हंसराज विश्वकर्मा एवं धर्मेन्द्र सिंह, पूर्व महापौर कौशलेन्द्र सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं उपस्थित रहीं।

## ओमान के पोर्ट सुल्तान कबूस के पास आयल टैंकर पर हमला, एक भारतीय की मौत

एजेंसी।

विस्फोटों से पूरे देश में इमारतें हिल गईं और राजधानी तेहरान के ऊपर धुएं के गुबार उठते दिखाई दिए। ईरानी सरकारी मीडिया ने बताया कि हमलों की शुरुआत से अब तक खामेनेई और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों सहित 550 से अधिक लोग मारे गए हैं।ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई की हत्या के बाद तेज हुए सैन्य अभियान के तहत, संयुक्त राज्य अमेरिका और इजराइल ने रविवार को ईरान भर में व्यापक हमले किए, जिनमें देश के बैलिस्टिक मिसाइल ठिकानों को निशाना बनाया गया और युद्धपोतों को नष्ट कर दिया गया। विस्फोटों से पूरे देश में इमारतें हिल गईं और राजधानी तेहरान के ऊपर धुएं के गुबार उठते दिखाई दिए। ईरानी सरकारी मीडिया ने बताया कि हमलों की शुरुआत से अब तक खामेनेई और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों सहित 550 से अधिक लोग मारे गए हैं।ईरानी सैन्य कमांडरों ने स्पष्ट कर दिया है कि वे अपने सर्वोच्च नेता की शहादत का बदला लेंगे। ईरान ने संयुक्त अरब अमीरात सहित खाड़ी देशों पर हमले तेज कर दिए हैं, जिससे क्षेत्रीय तनाव और बढ़ गया है। यह स्थिति अब पूरे मध्य पूर्व को एक बड़े युद्ध की ओर धकेल रही है। ईरान ने दुबई हवाई अड्डे, बुर्ज खलीफा और बहरीन और कुवैत में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है। इस बीच, अमेरिकी सेना ने घोषणा की है कि उसने ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) के मुख्यालय को नष्ट कर दिया है। इसी बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने युद्ध के बीच एक महत्वपूर्ण और चौंकाने वाला दावा किया है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन एपिक फ्यूरी के तहत ईरान के 48 शीर्ष नेताओं को एक ही गोली में मार गिराया गया। ट्रम्प ने यह भी कहा कि ईरान के नौसेना के नौ जहाज नष्ट हो गए। ईरान का नौसेना मुख्यालय भी काफी हद तक तबाह हो गया। कम से कम तीन अमेरिकी सैनिक कार्रवाई में मारे गए हैं और पांच गंभीर रूप से घायल हैं। छर्रे लगने से मामूली रूप से घायल हुए कई अन्य सैनिकों को ड्यूटी पर वापस भेजने की प्रक्रिया चल रही है। एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि ईरान पर अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हमले के बाद हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण महाराष्ट्र के मराठवाड़ा के कुल 61 लोग दुबई, बहरीन, कतर और अबू धाबी में फंसे हुए हैं। संभागीय आयुक्त कार्यालय के अधिकारी ने बताया कि इन 61 लोगों ने मराठवाड़ा के छत्रपति संभाजीनगर निवास वीजा है।

## होली पर सुरेश कुमार खन्ना ने दी शुभकामनाएं, प्रशासन को बेहतर व्यवस्थाओं के निर्देश

संवाददाता।

लखनऊ उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री तथा जनपद लखनऊ के प्रभारी मंत्री "नतमी ज्ञनउंत ज्ञींददं ने रंगों के पावन पर्व होली पर जनपदवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने कहा कि यह पर्व केवल रंगों का नहीं, बल्कि परस्पर प्रेम, सम्मान, सौहार्द और सहयोग का प्रतीक है।प्रभारी मंत्री ने जिलाधिकारी, पुलिस आयुक्त एवं नगर आयुक्त को पत्र लिखकर निर्देश दिए हैं



कि होली पर्व को ध्यान में रखते हुए जनपद के प्रमुख स्थानों पर साफ–सफाई तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के व्यापक प्रबंध किए जाएं। उन्होंने कहा कि जनपद में होली का पर्व व्यापक स्तर पर मनाया जाता है। विभिन्न स्थानों पर होलिका दहन, पूजा एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसे देखते हुए आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।श्री खन्ना ने आमजन से अपील की है कि रंगों के इस पावन पर्व को आपसी प्रेम और सौहार्द के साथ मनाएं। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें तथा सामाजिक आत्मीयता और सद्भाव के साथ होली का पर्व उत्साहपूर्वक मनाएं।

### 3 मार्च को दिखेगा वर्ष का पहला पूर्ण चंद्र ग्रहण, लखनऊ में लगभग 39 मिनट रहेगा दृश्य

संवाददाता। लखनऊ 3 मार्च 2026 की शाम आकाश में एक अत्यंत आकर्षक खगोलीय घटना घटित होगी। इस दिन वर्ष 2026 का पहला पूर्ण चंद्र ग्रहण दिखाई देगा। यदि मौसम साफ रहा तो भारत के अनेक भागों, लखनऊ सहित उत्तर भारत में, इसका अंतिम चरण देखा जा सकेगा। पूर्ण अवस्था में चंद्रमा लालिमा लिए दिखाई दे सकता है, जिसे सामान्य भाषा में रक्त चंद्र भी कहा जाता है।इंदिरा गाँधी नक्षत्रशाला द्वारा नक्षत्रशाला परिसर में जनसामान्य के लिए रात्रि आकाश दर्शन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# बीएलओ पर गलत कार्य का दबाव, शिक्षामित्र की आत्महत्या पर अखिलेश यादव का आरोप

लखनऊ(आरएनएस )। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने प्रदेश में बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) पर बढ़ते प्रशासनिक दबाव को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि बीएलओ पर दिन–रात चौबीसों घंटे काम का दबाव बनाया जा रहा है और इसके साथ ही गलत कार्य करने के लिए भी बाध्य किया जा रहा है। पहले 'फार्म 7' के माध्यम से सही मतदाताओं के नाम काटने का दबाव था, जबकि अब 'फार्म 6' के जरिए नए फर्जी नाम जोड़ने का दबाव बनाया जा रहा है।उन्होंने कहा कि अधिकतर बीएलओ का मन इस प्रकार के गलत कार्य की अनुमति नहीं देता, जिसके कारण वे मानसिक रूप से टूट रहे हैं। इसी दबाव के चलते कुछ लोग हताश होकर आत्महत्या जैसे प्राणघातक कदम उठाने को मजबूर हो रहे हैं।अखिलेश यादव ने जनपद फतेहपुर के बिंदकी क्षेत्र के ग्राम अलियाबाद के शिक्षामित्र एवं बीएलओ अखिलेश कुमार सविता की आत्महत्या का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने 'एसआईआर–2026 जीवनमुक्ति' शीर्षक से एक चिट्ठी लिखकर शनिवार शाम को सरकारी प्राथमिक विद्यालय के एक कक्ष में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने दावा किया कि आत्महत्या का कारण एसआईआर का अत्यधिक दबाव और बेटी की शादी से दस दिन पहले भी अवकाश न दिया जाना था।समाजवादी पार्टी अध्यक्ष ने सभी बीएलओ से अपील की कि वे निराश न हों और किसी भी परिस्थिति में ऐसा कदम न उठाएं। उनका जीवन उनके परिवार और समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इतिहास में अनेक उदाहरण हैं जब निरंकुश और दमनकारी सत्ताओं का पतन हुआ है। जब किसी सत्ता का एकाधिकार अपनी पराकाष्ठा पर पहुंचता है, तभी उसके पतन की शुरुआत भी हो जाती है।उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में प्रशासनिक तंत्र संवेदनहीन होता जा रहा है।

# होली मिलन समारोह में सामाजिक एकता और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का संकल्प

लखनऊ,(आरएनएस )। रंगों के पावन पर्व होली के अवसर पर आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रदेश मुख्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रेम, सद्भाव और सामाजिक एकता का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के दौरान पार्टी नेताओं ने वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि समाज को बांटने वाली राजनीति के विरुद्ध भाईचारे और जागरूकता का वातावरण मजबूत करना समय की आवश्यकता है। समारोह में सभी साथियों ने एक–दूसरे को अबीर–गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का संकल्प दोहराया।प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पार्टी के बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ द्वारा होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बुद्धिजीवी वर्ग के प्रतिनिधि शामिल हुए। पूरे कार्यक्रम में सामाजिक सौहार्द, राजनीतिक सजगता और सकारात्मक संवाद का वातावरण बना रहा।इस अवसर पर निवर्तमान प्रदेश महासचिव दिनेश सिंह पटेल ने कहा कि नफरत और विभाजन की राजनीति देश और प्रदेश को कमजोर करती है, जबकि प्रेम और भाईचारा समाज को सशक्त बनाता है। उन्होंने कहा कि जनता को महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मूल मुद्दों से भटकाने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन अब लोग जागरूक हो चुके हैं और समय आने पर जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि होली का पर्व हमें आपसी मतभेद भुलाकर समाज और लोकतंत्र की मजबूती के लिए एकजुट होने का संदेश देता है।बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष बी. एन. खरे ने कहा कि शिक्षित और जागरूक समाज ही लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति है। उन्होंने बुद्धिजीवी वर्ग से सामाजिक अन्याय और भ्रामक राजनीति के विरुद्ध आवाज उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि होली का संदेश केवल रंगों का नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, समान अवसर और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा का प्रतीक है।

# लखनऊ में 'बियान्ड बाउंड्रीज' पहल का विस्तार, डीपी वर्ल्ड ने पैवेलियन और 250 क्रिकेट किट्स सौंपीं

लखनऊ, (आरएनएस )। डीपी वर्ल्ड ने उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में अपनी 'बियॉन्ड बाउंड्रीज' पहल का विस्तार करते हुए पुनर्प्रयोजित शिपिंग कंटेनर से तैयार एक बहुउद्देश्यीय पैवेलियन और 250 क्रिकेट किट्स उपलब्ध कराईं। इस पहल का उद्देश्य प्रदेश में जमीनी स्तर पर क्रिकेट तक पहुंच को सुदृढ़ करना है।शिपिंग कंटेनर को पूरी तरह सुसज्जित बहुउद्देश्यीय पैवेलियन में परिवर्तित किया गया है, जिससे युवा खिलाड़ियों को प्रशिक्षण, तैयारी और विश्राम के लिए समर्पित स्थान मिल सकेगा। लखनऊ स्थित भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी क्रिकेट स्टेडियम में क्रिकेट दिग्गज युवराज सिंह की उपस्थिति में इसका अनावरण किया गया। इस पैवेलियन को स्थायी रूप से सेज क्रिकेट अकादमी में स्थापित किया जाएगा। 250 क्रिकेट किट्स के माध्यम से चयनित अकादमियों को उपकरणों की उपलब्धता बढ़ाने और सुव्यवस्थित प्रशिक्षण देने में सहायता मिलेगी।यह पहल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद और उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ के सहयोग से संचालित की गई है। डीपी वर्ल्ड ने अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में बनने वाले प्रत्येक 100 रन पर 10 क्रिकेट किट दान करने का लक्ष्य निर्धारित किया है, जिसे यह पहल और सशक्त करती है।कार्यक्रम के दौरान युवराज सिंह ने कहा कि भारत के हर कोने में प्रतिभा है, लेकिन उचित सुविधाओं और उपकरणों की उपलब्धता से ही वास्तविक अंतर आता है। 'बियॉन्ड बाउंड्रीज' जैसी पहल युवा खिलाड़ियों को आवश्यक आधारभूत संरचना और आत्मविश्वास प्रदान करती है, जिससे वे अपने सपनों को साकार कर सकें।डीपी वर्ल्ड, उपमहाद्वीप (भारत) के कंट्री मैनेजर हेमंत कुमार रुइया ने कहा कि उभरते क्रिकेटरों के सामने सबसे बड़ी चुनौती उचित सुविधाओं तक पहुंच की होती है। उन्होंने कहा कि कंपनी का प्रयास केवल आधारभूत संरचना तक सीमित नहीं है, बल्कि स्थानीय साझेदारी के माध्यम से युवाओं के लिए अवसरों का विस्तार करना है।उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ के मानद सचिव प्रेम मनोहर गुप्ता ने कहा कि राज्य की क्रिकेट परंपरा समृद्ध रही है और यहां प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। इस साझेदारी से प्रदेश में जमीनी स्तर पर क्रिकेट के विकास को नई मजबूती मिलेगी।वर्ष 2023 में प्रारंभ होने के बाद से 'बियॉन्ड बाउंड्रीज' पहल के अंतर्गत आठ देशों में 13 पुनर्प्रयोजित शिपिंग कंटेनर और 3,500 क्रिकेट किट्स वितरित की जा चुकी हैं। भारत में नई दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद और चेन्नई के खिलाड़ियों को इस पहल का लाभ मिल चुका है।

# जंग या अमन पर सरकार स्पष्ट रुख बताए- अखिलेश यादव

लखनऊ(आरएनएस )। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि इंसान के साथ इंसानियत का मारा जाना बेहद अफसोसजनक है और हर देश को जिम्मेदाराना व्यवहार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चल रहे जानलेवा हमलों और युद्ध जैसे हालातों के बीच मानवीय दृष्टिकोण सर्वोपरि होना चाहिए।अखिलेश यादव ने कहा कि किसी देश के सबसे खास व्यक्ति से लेकर आम नागरिकों तक पर हो रहे हमलों के इस दौर में भारत सरकार को अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए। उन्होंने सवाल उठाया कि सरकार बताए कि वह जंग के साथ है या अमन के पक्ष में। साथ ही यह भी स्पष्ट करे कि एक तटस्थ देश होने के नाते युद्ध रोकने और शांति बहाली के लिए वह किस प्रकार के कूटनीतिक प्रयास कर रही है।उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को युद्ध में मारे जाने वालों से जुड़ी खबरों की हर संभव स्तर पर पुष्टि करनी चाहिए और सत्य को जनता के सामने रखना चाहिए। उनका कहना था कि युद्धकालीन समाचार अक्सर रणनीति का हिस्सा होते हैं, इसलिए उनकी स्वतंत्र और विश्वसनीय पुष्टि आवश्यक है, ताकि भ्रम और अफवाहों की स्थिति न बने।

# जल जीवन मिशन में अनियमितताओं पर आरपीआई (आ.) का मुख्यमंत्री को पत्र, उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच की मांग

लखनऊ, सोमवार, (आरएनएस )। प्रदेश में विकास योजनाओं को लेकर शासन स्तर पर बरती जा रही उदासीनता के विरोध में रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आ.) ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर जनता के मुद्दों की ओर ध्यान आकृष्ट करने का निर्णय लिया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चूंद ठींप ळनचजं ने कहा कि जब तक जनता के प्रति जवाबदेही तय नहीं की जाती, तब तक वे पत्र लिखकर सरकार को आईना दिखाते रहेंगे।इसी क्रम में 'जल जीवन मिशन' योजना में व्याप्त खामियों को उजागर करते हुए मुख्यमंत्री को पत्र भेजा गया है और निष्पक्ष बाह्य एजेंसी से जांच कराने तथा दोषियों को दंडित करने की मांग उठाई गई है। पत्र में कहा गया है कि केंद्र और राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'हर घर जल' का उद्देश्य प्रत्येक घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना है, किंतु कुछ अधिकारियों और ठेकेदारों की मिलीभगत से इस उद्देश्य को गंभीर क्षति पहुंचाई जा रही है।पत्र में उल्लेख किया गया है कि बहराइच, प्रयागराज, महोबा और फतेहपुर सहित कई जनपदों से लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं। कहीं निर्माणाधीन पानी की टंकियां गिर रही हैं तो कहीं तैयार टंकियों से पानी का रिसाव हो रहा है। पाइपलाइन बिछाने के नाम पर गांवों की सड़कों को खोदकर छोड़ दिया गया है, जिससे आवागमन बाधित हो रहा है और दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है। कई स्थानों पर पाइपलाइन डालने के बाद भी नलों में पानी नहीं पहुंच रहा है।प्रदेश अध्यक्ष ने इसे सरकारी धन का दुरुपयोग और जनता के विश्वास के साथ खिलवाड़ बताया है। उन्होंने मांग की है कि संबंधित जनपदों में चल रहे कार्यों की उच्च स्तरीय स्वतंत्र एजेंसी से निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों और लापरवाह ठेकेदारों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## गौतमपल्ली पुलिस ने शातिर चोर को दबोचा, डेढ़ लाख की साइकिल बरामद

लखनऊ(आरएनएस )। जोन–मध्य के थाना गौतमपल्ली पुलिस दल ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर चोरी की गई ट्रेक कंपनी की रेंजर साइकिल बरामद की है। बरामद साइकिल की कीमत लगभग 1,50,000 रुपये बताई गई है।पुलिस के अनुसार 13 फरवरी 2026 की मध्य रात्रि में विक्रमादित्य मार्ग स्थित आवास संख्या 16ए के पोर्च में खड़ी ट्रेक कंपनी की रेंजर साइकिल चोरी हो गई थी। इस संबंध में अरुण कुमार दुबे पुत्र कृष्ण कुमार दुबे निवासी 16ए विक्रमादित्य मार्ग, लखनऊ द्वारा 14 फरवरी 2026 को थाना गौतमपल्ली में मुकदमा अपराध संख्या 15/26 धारा 305 बीएनएस के अंतर्गत अज्ञात के विरुद्ध पंजीकृत कराया गया था।मामले के पंजीकरण के बाद पुलिस ने अज्ञात चोर और चोरी गई साइकिल की बरामदगी के लिए व्यापक सुरागरसी की। लगभग 150 सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए तथा तकनीकी साधनों का उपयोग किया गया। थाना गौतमपल्ली पुलिस और सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई में चोरी की साइकिल अभियुक्त सूरज पुत्र स्वर्गीय भगवती प्रसाद निवासी धन्नूपुरवा, थाना कोतवाली शहर, जनपद हरदोई, ।

# इजराइल-ईरान की जंग में फंसे प्रयागराज के लोग

## अपनों की सलामती को लेकर परिवार बेचैन

प्रयागराज(आरएनएस )। प्रयागराज के कई लोगों के परिजन इस समय ईरान और इजराइल के बीच जारी जंग के बीच में फंसे हैं। हर कोई अपनों की सलामती को लेकर चिंतित है। कोई वीडियो कॉल करके हालचाल ले रहा है तो किसी की बातचीत भी नहीं हो पा रही है।

झुंसी के सपा नेता प्रदेश प्रवक्ता दान बहादुर सिंह मधुर की बेटी, दामाद और एक वर्ष का नाती अभी इजराइल में फंसा हुआ है। श्री मधुर का कहना है कि बच्चों से वीडियो कॉल पर बात हुई। बेटी बोली– पापा, मिसाइल हमले की आशंका के चलते सायरन बजते हैं और हम लोग बंकरों में भाग जाते हैं। अभी हम लोग सुरक्षित हैं। श्री मधुर की बेटी कविता, दामाद राजेश यादव और एक साल का नाती ऋत्विक इस समय इजराइल में हैं। दामाद वहां की एक यूनिवर्सिटी में रिसर्च स्कॉलर हैं और परिवार करीब चार साल से वहीं रह रहा है।

परिवार ने बच्चों को वापस बुलाने की कोशिश की, लेकिन फ्लाइट्स बंद हैं। बिना सरकारी अनुमति के निकलना संभव नहीं है। स्थानीय प्रशासन ने विदेश मंत्रालय से संपर्क करने की सलाह दी है। फिलहाल परिवार भगवान भरोसे है।

दायरा शाह अजमल मोहल्ले के सैयद मोहम्मद अस्करी की बहन, बहनोई और उनका बेटा ईरान में फंसे हैं। उनकी बहन ईरान के कुम शहर में रहती हैं और वहां एक मदरसे में पढ़ाती हैं। बहनोई मूल रूप से कौशांबी के करारी के रहने वाले हैं। बहन की शादी के बाद से करीब 35 सालों से परिवार ईरान में ही बस गया था। अस्करी के मुताबिक 18 फरवरी को आखिरी बार बात हुई थी। आम तौर पर 8–10 दिन में बातचीत हो जाती थी, लेकिन हमलों की खबर के बाद से संपर्क पूरी तरह टूट गया है। फोन मिलाने की कोशिश हो रही है, पर कोई जवाब नहीं मिल रहा।दरियाबाद के खुशनूर राजा रिजवी का बेटा साकिब मुस्तफा भी ईरान में है।

# आचार्य शांतनु की ओजस्वी वाणी से राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगा प्रयागराज

प्रयागराज(आरएनएस )। धर्म और राष्ट्रभक्ति के अनूठे संगम का साक्षी शनिवार को जिला पंचायत सभागार बना। सुप्रसिद्ध कथावाचक आचार्य शांतनु जी महाराज द्वारा प्रस्तुत शौर्य गाथा कार्यक्रम में आध्यात्मिकता के साथ–साथ राष्ट्रप्रेम की अविरल धारा बही। आयोजन के माध्यम से श्रद्धालुओं को देश के गौरवशाली इतिहास और महापुरुषों के पराक्रम से रूबरू कराया गया। कथा के दौरान आचार्य शांतनु जी ने अपनी ओजस्वी वाणी से पांडाल में मौजूद हजारों श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में धर्म की भूमिका पर जोर देते हुए कहा,धर्म और राष्ट्र एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। अपनी जड़ों और महापुरुषों के बलिदान को जाने बिना एक सशक्त राष्ट्र की कल्पना करना असंभव है। उनके वक्तव्य के दौरान पूरा परिसर जय श्रीराम और भारत माता की जय के उद्घोष से गुंजायमान रहा।कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ मुख्य आयोजक रवि सिंह एवं आलोक तिवारी द्वारा भारत माता की सामूहिक आरती और दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। अध्यात्म के इस मंच पर सत्ता और संगठन के कई प्रमुख चेहरों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। मुख्य अतिथि पूर्व एमएलसी बृजेश सिंह एवं दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री दिनेश दुबे। विशिष्ट अतिथि महापौर गणेश केसरवानी, जिला अध्यक्ष संजय गुप्ता, पूर्व न्यायाधीश राजेश अग्रवाल रहे। इस अवसर पर नगर के प्रबुद्ध नागरिक, समाजसेवी और भारी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित रहे।आयोजक रवि सिंह ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान समय में युवा पीढ़ी को भारत के वास्तविक नायकों और उनके संघर्षों से परिचित कराना अत्यंत आवश्यक है। यह आयोजन इसी दिशा में एक सार्थक कदम है।

# खामेनई की शहादत की खबर पर शियाओं के घर नहीं जले चूल्हे

प्रयागराज(आरएनएस )। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनई के इजराइल व अमेरीकी हमले में शहीद होने की खबर फैलते ही मुस्लिम इलाकों में शोक की लहर दौड़ गई। हर घर में उदासी छा गई। हर शख्स जहां गम में डूबा रहा वहीं भारत के ईरान में रह रहे अपनों की खैरियत न मिलने से बेचौन रहा। खबर के असर से दिल जहां बेचौन और बोझिल सा रहा वहीं आंखें अश्कबार रहीं।

दरियाबाद स्थित दरगाह हजरत अब्बास में मोमेनीन इलाहाबाद की ओर से ताजियती जलसा आयोजित करने के साथ दिवंगत आलेमेदीन विश्व शान्ति के रहनुमा हिम्मत और इस्तिकधमत की मिसाल आयतुल्ला सैय्यद अली खामेनेई को खेराजे अकधीदत पेश की गई। किसी ने महान योद्धा बताया तो किसी ने जालिम हुकूमत के सामने कभी न झुकने वाले रहबर ए मोअज्जम की संज्ञा से नवाजा। मौलाना सैय्यद जव्वादुल हैदर रिजवी ने बताया की रहबर ए मोअज्जम की 86 साल की उम्र थी लेकिन जज्बा नौजवानों जैसा था। उनके अन्दर दिल में शेर जैसा जोश तो लहू मे कर्बला की रवायत और आवाज में ऐसा असर की जालिमों की नींद हराम हो जाती थी।मौलाना आमिरुर रिजवी ने उनकी रहबरी का जिक्र करते हुए कहा की उनकी रहबरी सिर्फ सियासत तक नहीं थी वह एक अकधीदा था एक हौसला था एक रौशनी था। मौलाना हसन रजा जैदी ने कहा मौत तुम्हारे पास आए या तुम मौत के पास जाओ फर्कध नहीं पड़ता अगर मंजिल इज्जत और हक हो।मौलाना जीशान हैदर ने कहा हमें फख्र है की हमने ऐसे रहबर की रहनुमाई देखी। एक ऐसा रहबर जिसका वजूद जालिमों के लिए कध्यामत था। संचालन अनीस अहमद जायसी ने किया

माहे रमजान के मौकध् पर जियादातर लोग रोजे से थे लेकिन करैली, करैलाबाग, दरियाबाद, रानी मण्डी, दायरा शाह अजमल, बख्शी बाजार, शाहगंज सहित शिया बहुल्य इलाकों में रहबर ए मोअज्जम की शहादत की खबर से चुल्हे नहीं जले। घर की महिलाओं ने उदासी माहौल में दुआ ए मगफिरत की और बाजार से फल मंगवाकर सभी ने रोजा खोला। घरों में काले परचम लगाए गए तो लोगों ने काले कपड़े पहन कर ताजियती जलसे में शिरकत की।

# युवक की गर्दन पर में चाकू से हमला, घायल

## पानी के गुब्बारे फेंकने पर विवाद, हालत गंभीर

प्रयागराज ।(आरएनएस ) नैनी थाना क्षेत्र के शंकर ढाल पर सोमवार को मामूली विवाद में एक युवक की गर्दन पर चाकू से हमला कर दिया गया। घटना के दौरान हमलावर मौके से भाग निकले। घायल युवक खून से लतपथ जमीन पर पड़ा रहा। सूचना पुलिस को दी गई तो मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को तत्काल इलाज के लिए सीएचसी चक भेजा। जहां डॉक्टरों ने घायल युवक को शहर के कॉल्विन अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। मामले में घायल की ओर से नैनी कोतवाली में तहरीर दी गई है। पुलिस घटना की जांच पड़ताल कर रही है।
प्राप्त जानकारी के अनुसार नैनी थाना क्षेत्र के शंकर ढाल के रहने वाले महताब अली की छोटी बेटी ने अपने घर के अंदर पानी भरा गुब्बारा नीचे फेंक दिया।



# नया मुरादाबाद में सेवेन वंडर्स पार्क का उद्घाटन: कबाड़ लोहे से बनी विश्व धरोहरों की प्रतिकृतियां आकर्षण का केंद्र

विजडम इंडिया।
संवाददाता मोहम्मद शाहरुख
मुरादाबाद विकास प्राधिकरण (एमडीए) की पहल पर नया विशेष डिजाइन और कलात्मक शैली में तैयार किया गया है, जो वास्तविक स्मारकों की झलक पेश करती हैं। शाम के समय सचिन, नगर आयुक्त, जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) और महापौर समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी व गणमान्य



मुरादाबाद सेक्टर–2 में 'सेवेन वंडर्स पार्क' का शनिवार को उद्घाटन किया गया। प्रदेश सरकार के प्रभारी मंत्री अनिल कुमार सिंह ने लोहे के वेस्ट स्क्रैप से निर्मित इस पार्क का लोकार्पण किया। पार्क में देश–दुनिया की प्रसिद्ध ऐतिहासिक धरोहरों की प्रतिकृतियां स्थापित की गई हैं, जिन्हें पूरी तरह कबाड़ लोहे और अनुपयोगी सामग्री से तैयार किया गया है।

पार्क में ताजमहल, ग्रेट वॉल ऑफ चाइना, गीजा के पिरामिड, एफिल टावर, रोमन कोलोसियम, क्राइस्ट द रिडीमर, माचू पिच्चू, लाल किला और कोणार्क सूर्य मंदिर जैसी विश्वविख्यात इमारतों की प्रतिकृतियां शामिल हैं। इन्हें रंग–बिरंगी रोशनी में ये प्रतिकृतियां और भी मनमोहक नजर आएंगी।

उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। प्रभारी मंत्री अनिल कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि वेस्ट स्क्रैप का रचनात्मक उपयोग कर इस तरह का थीम पार्क तैयार करना सराहनीय पहल है। उन्होंने इसे पर्यावरण के प्रति जागरूकता का प्रतीक बताते हुए कहा कि यह पार्क शहरवासियों के लिए नया पर्यटन स्थल बनेगा और बच्चों को विश्व धरोहरों के बारे में जानकारी देने में भी सहायक सिद्ध होगा।

इस मौके पर मंडलायुक्त मुरादाबाद, एमडीए के उपाध्यक्ष नागरिक उपस्थित रहे। अतिथियों ने पार्क का भ्रमण कर निर्माण कार्य की गुणवत्ता और कलात्मकता की सराहना की।

एमडीए अधिकारियों के अनुसार, पार्क में बेहतर लाइटिंग, बैठने की व्यवस्था, हरित क्षेत्र और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। आने वाले दिनों में यहां सांस्कृतिक कार्यक्रमों और विभिन्न गतिविधियों का आयोजन भी किया जाएगा, जिससे यह स्थान परिवारों और युवाओं के लिए पसंदीदा गंतव्य बन सके।

शहर में इस नई पहल को लेकर उत्साह का माहौल है। नागरिकों का मानना है कि सेवेन वंडर्स पार्क मुरादाबाद की पहचान को नई दिशा देगा और पर्यटन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा







# चौकी इंचार्ज ने मुसहर बस्ती में बाटे होली के रंग, बच्चों और परिवारों में खुशी का माहौल

सुल्तानपुर(आरएनएस )। राहुलनगर चौकी इंचार्ज कन्हैया पाण्डेय ने मुसहर बस्ती में होली का त्योहार मनाया। उन्होंने जरूरतमंद बच्चों और परिवारों के बीच अबीर–गुलाल, पिचकारी, रिफाइन तेल, चीनी और चिप्स जैसी सामग्री वितरित की। इस पहल से बस्ती के लोगों के चेहरों पर खुशी देखी गई। पुलिस की गाड़ी बस्ती में पहुँचते ही बच्चों में उत्साह देखा गया। बच्चे कन्हैया भैया आ गए कहकर उनका स्वागत करने लगे। कुछ बच्चों ने सलामी दी, जबकि अन्य उत्सुकता से उनसे मिलने आए। महिलाओं और बुजुर्गों ने भी चौकी इंचार्ज का अभिवादन किया। सामग्री वितरण के दौरान कन्हैया पाण्डेय ने बच्चों से प्रेम और सद्भाव के साथ होली मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि त्योहारों का महत्व तभी है जब सभी घरों में खुशियां हों और कोई भूखा न रहे। यह पहली बार नहीं है जब चौकी इंचार्ज कन्हैया पाण्डेय ने इस तरह की पहल की है। इससे पहले भी वह सर्दियों में कंबल वितरण, बरसात में राहत सामग्री और अन्य अवसरों पर जरूरतमंदों को आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराते रहे हैं। उनके इन प्रयासों की स्थानीय स्तर पर सराहना होती रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि जब पुलिस केवल कानून व्यवस्था तक सीमित न रहकर सामाजिक कार्यों में भी भागीदारी करती है, तो जनता का विश्वास बढ़ता है। मुसहर बस्ती के एक बुजुर्ग ने इस पहल को पुलिस और समुदाय के बीच संबंधों को मजबूत करने वाला बताया। पुलिस की छवि को लेकर समाज में विभिन्न धारणाएं हैं। हालांकि, इस तरह के मानवीय प्रयासों से पुलिस के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित होता है। जब पुलिसकर्मी जरूरतमंदों के त्योहारों में शामिल होते हैं, तो यह उनके कर्तव्य के साथ–साथ सामाजिक जुड़ाव को भी दर्शाता है। राहुलनगर क्षेत्र में कन्हैया पाण्डेय की यह पहल सराहनीय मानी जा रही है।

# श्री कृष्ण इंटरमीडिएट कालेज में सिल्वर जुबली वर्ष के अवसर पर आयोजित हुआ सम्मान समारोह

कूरेभार सुल्तानपुर(आरएनएस )। कूरेभार स्थित श्री कृष्ण इंटरमीडिएट कॉलेज में आयोजित प्रतिभा खोज परीक्षा के उपरांत उच्च अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें विद्यालय में अध्ययन हेतु विशेष सुविधाएं प्रदान करने की घोषणा भी की गई। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रबंधक बजरंगी प्रसाद यादव ने बताया कि विद्यालय के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में इस वर्ष को सिल्वर जुबली वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में विशेष प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विद्यालयों के छात्र–छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। उन्होंने बताया कि परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को विद्यालय में निशुल्क प्रवेश दिया जाएगा। लेकिन यह निशुल्क प्रक्रिया उन्ही विद्यार्थियों के लिए मान्य होगी जो परीक्षा फल की घोषणा अथवा पुरस्कार वितरण के दिन तक सीट कन्फर्मेशन शुल्क जमा करेंगे केवल सीट कन्फर्मेशन शुल्क के रूप में ₹500 निर्धारित किया गया है। प्रबंधन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है। विद्यालय प्रशासन के अनुसार प्रतिभा खोज परीक्षा में शामिल विद्यार्थियों के बीच लगभग ₹53,000 की पुरस्कार राशि वितरित की गई। मेधावी छात्र–छात्राओं को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई तथा उन्हें विद्यालय से जुड़कर उत्कृष्ट शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। सबसे चर्चित बात पुरस्कार वितरण में यह रही ।

की परीक्षा में असफल होने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों के उत्साह एवं सम्मान समारोह के साथ सम्पन्न हुआ।

# उमरी में गौरैया आओ मेरे देश में अभियान चलाया गया

कूरेभारध्सुल्तानपुर(आरएनएस )। कटका क्लब सामाजिक संस्था के द्वारा उमरी (नगरहवा) सुदनापुर बाजार में गौरैया आओ मेरे देश में अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रदेश प्रभारी ऋषभदेव शुक्ला ने किया। कार्यक्रम में मुख्यवक्ता शिक्षक साहित्यकार सर्वेश कांत वर्मा ने बताया कि तेजी से बढ़ते शहरीकरण और पर्यावरणीय बदलावों के कारण गौरैया की संख्या में भारी गिरावट आई है। हमें अपने आसपास के पर्यावरण को अनुकूल बनाकर, पेड़–पौधे लगाकर और पक्षियों के लिए पानी और दाने की व्यवस्था करके इनके संरक्षण में योगदान देना चाहिए। इस मौके पर शिखा शुक्ला सहायक अध्यापिका प्राथमिक विद्यालय नरायनपुर ने बताया कि गौरैया के तेजी से लुप्त होने के कई कारण हैं। सीसा रहित पेट्रोल के उपयोग से जहरीले यौगिक पैदा हुए हैं जो उन कीटों को नुकसान पहुंचाते हैं जिन पर गौरैया भोजन के लिए निर्भर हैं। शहरीकरण ने उनके प्राकृतिक घोंसले के स्थान भी छीन लिए हैं। शहरीकरण ने उनके प्राकृतिक घोंसले के स्थानों को छीन लिया है। वहीं राजकीय इंटर कॉलेज के वरिष्ठ शिक्षक लालमणि दुबे ने संस्था कि अभियान सराहना करते हुए कहा कि हम सभी का नैतिक दायित्व है गौरैया को बचाना। कार्यक्रम का संचालन संस्था अध्यक्ष डॉ सौरभ मिश्र विनम्र ने किया। आए अतिथियों के प्रति ऋषभदेव शुक्ला ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर बृजेन्द्र मिश्र ,विभु शुक्ला,रमेश कुमार शुक्ला, मनोज कुमार ,राम शंकर शुक्ला, आशीष शुक्ला, राघवेंद्र शुक्ला, सुशांत,रवि शंकर शुक्ला अविरल, सौम्य, राजकुमारी शुक्ला, कन्हैयालाल शुक्ला दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# लाजपत नगर मंडल में होली मिलन का भव्य आयोजन किया गया

गाजियाबाद ।लाजपत नगर मंडल के वार्ड 80 में हेमलता शर्मा पूर्व पार्षद एवं आलोक शर्मा






मंडल अध्यक्ष के द्वारा होली मिलन का भव्य आयोजन किया जिसमें सुनील शर्मा जी (कैबिनेट मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार) अतुल गर्ग जी सांसद गाजियाबाद अनिल अग्रवाल जी पूर्व राज्यसभा सांसद एवं हजारों की संख्या में वार्ड 80 ओर लाजपत नगर मंडल के समस्त क्षेत्र वासियों उपस्थित रहे ।






# ज्ञानशक्ति सेवा फाउंडेशन का राष्ट्रीय ऑनलाइन सम्मान समारोह

जय प्रकाश मिश्रा जिला संवाददाता विजडम इंडिया हिंदी दैनिक समाचार–पत्र

नई दिल्ली स्थित ज्ञानशक्ति सेवा फाउंडेशन द्वारा एक भव्य एवं गरिमामय राष्ट्रीय ऑनलाइन सम्मान समारोहरूका आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जूम माध्यम से संपन्न हुआ, जिसमें देश–विदेश से सैकड़ों प्रतिभागियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम संस्था के संस्थापक निदेशक राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. परमानंद शुक्ल की गरिमामयी अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

समारोह के दौरान दो विशिष्ट व्यक्तित्वों को उनके–अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं प्रेरणादायी योगदान हेतु

"मानद डॉक्टरेट प्रमाणपत्र (औपचारिक एवं अशैक्षणिक सम्मान)" से सम्मानित किया गया ।

मानद उपाधि से सम्मानित व्यक्तित्व

सम्माननीय सत्य प्रकाश गुप्ता नजरिया पुरुष

उन्हें मनोविज्ञान, त्वचारेखीय बहु–बुद्धि परीक्षण, ब्रेन कुंडली परामर्श तथा मानव क्षमता विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान, समर्पित सामाजिक सेवा एवं प्रेरणादायी नेतृत्व के लिए सम्मानित किया गया।

सम्माननीय के. अरुणाचल उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य, सामुदायिक कल्याण हेतु व्यापक



योगदान तथा मानवीय सेवा भावना के लिए मानद उपाधि प्रदान की गई।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि

श्रीमती किरन शर्मा

(दिल्ली पुलिस महानिदेशालय एवं आकाशवाणी की मुख्य समाचार उद्घोषिका) ने अपने संबोधन में कहा कि समाज में शिक्षा, सेवा और नैतिक नेतृत्व की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है ।

उन्हें इस अवसर पर "अंतर्राष्ट्रीय नारी शक्ति सम्मान" से अलंकृत किया गया। सम्मान ग्रहण करते हुए उन्होंने महिला सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की तथा संस्था के प्रयासों की सराहना की।

विशिष्ट अतिथि डॉ. हरीश मिश्र

(प्रमुख सलाहकार दृ महर्षि सत्यनातन अखाड़ा एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष दृ श्री हनुमद् सेवा संस्थानम्) ने शिक्षा एवं साहित्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन हेतु जागरूकता और नैतिक नेतृत्व आवश्यक है।

उन्हें समारोह में "साहित्य शिरोमणि सम्मान" से सम्मानित किया गया।

श्रेष्ठ प्रधानाचार्य सम्मान निम्नलिखित शिक्षाविदों को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक नेतृत्व के लिए सम्मानित किया गया डॉ. शैलेंद्र मिश्र , श्रीमती एस. श्रीवाणी ।

संस्था के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. परमानंद शुक्ल ने अपने उद्बोधन में कहा "समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाले व्यक्तित्व ही राष्ट्र की वास्तविक शक्ति हैं।"

उन्होंने बताया कि संस्था शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक समरसता, कौशल विकास योजनाओं तथा विभिन्न जनहितकारी क्षेत्रों में निरंतर कार्यरत है और उत्कृष्ट कार्य करने वालों को समय–समय पर सम्मानित करती रहती है।

कार्यक्रम में संस्था के वरिष्ठ सदस्यों क

श्रीमती सरोजबाला, श्रीमती राजलक्ष्मी आर., सुनीता चांदना, डॉ. स्मिता, डॉ. सुभाषचंद्रा सहित सैकड़ों सदस्य ऑनलाइन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का सफल मंच संचालन डॉ.योगेश्वर दुबेझएवं श्रीमती एस. श्रीवाणी द्वारा किया गया।

ज्ञानशक्ति सेवा फाउंडेशन द्वारा प्रदान की गई "मानद डॉक्टरेट" उपाधि पूर्णतः मानद एवं औपचारिक स्वरूप की है। यह विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, १९५६ के अंतर्गत किसी शैक्षणिक अथवा विश्वविद्यालयीय उपाधि के रूप में मान्य नहीं है तथा इससे कोई शैक्षणिक, चिकित्सकीय या पेशेवर अधिकार प्राप्त नहीं होते।

ज्ञानशक्ति सेवा फाउंडेशन शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक न्याय, नैतिक नेतृत्व एवं मानवीय मूल्यों के संवर्धन हेतु निरंतर कार्यरत है तथा भविष्य में भी प्रेरणादायी कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा।

# आयतुल्लाह खामेनेई की शहादत पर कैंडल माच

जौनपुर(आरएनएस )। ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह अली खामेनेई की शहादत के बाद शहर में शोक और आक्रोश का माहौल देखने को मिला, रविवार की रात्रि सदर इमामबाड़ा से मौलाना सफदर हुसैन जैदी एवं अंजुमन शमशीर हैदरी के नेतृत्व में विशाल कैंडल मार्च निकाला गया, जो ईदगाह परिसर पहुंचकर संपन्न हुआ। कैंडल मार्च में बड़ी संख्या में पुरुषों और महिलाओं ने भाग लिया। हाथों में मोमबत्तियां और तख्तियां लिए प्रतिभागियों ने शांतिपूर्ण ढंग से अपना विरोध दर्ज कराया। इस दौरान अमेरिका और इजराइल के खिलाफ नारेबाजी भी की गई।मौलाना जैदी ने कहा कि इस घटना की कड़ी निंदा की जाती है और अंतरराष्ट्रीय समुदाय को इस पर संज्ञान लेना चाहिए। मौलाना ने अपील की कि लोग संविधान के दायरे में रहकर अपना विरोध दर्ज कराएं, ताकि लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज बुलंद की जा सके।

# इस क्षेत्रीय युद्ध को वैश्विक संकट में बदलते हुए देर नहीं लगेगी

सबसे बड़ी चिंता होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर है। यदि वहां अवरोध पैदा होता है तो दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति की रीढ़ टूट सकती है। तेल की कीमतों में उछाल केवल बाजार का आंकड़ा नहीं होता, वह विकासशील देशों की अर्थव्यवस्थाओं को झकझोर देता है। पश्चिम एशिया एक बार फिर बारूद के ढेर पर खड़ा है और इस बार चिंगारी किसी सीमा विवाद या छाया संघर्ष की नहीं, बल्कि खुली सैन्य कार्रवाई की है। अमेरिका और इजराइल ने जिस समन्वित अभियान के तहत ईरान पर प्रहार किया है, उसने केवल एक देश को नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्रीय संतुलन को झकझोर दिया है। सवाल यह है कि क्या यह कदम वास्तव में परमाणु खतरे को रोकने के लिए था, या फिर पश्चिम एशिया की राजनीति को अपने अनुकूल ढालने की एक सुनियोजित चाल है?

तेहरान पर सीधे हमले, सर्वोच्च नेतृत्व को निशाना बनाने की कोशिश और शासन परिवर्तन के संकेत, यह सब किसी सीमित सैन्य कार्रवाई की परिभाषा में नहीं आता। यह शक्ति प्रदर्शन है। यह संदेश है कि जो अमेरिकी रणनीति के खिलाफ खड़ा होगा, उसे सैन्य कीमत चुकानी पड़ेगी। लेकिन इतिहास गवाह है कि बाहरी हस्तक्षेप से पैदा हुई अस्थिरता अक्सर नियंत्रण से बाहर हो जाती है। इराक और अफगानिस्तान के अनुभव अभी पुराने नहीं हुए हैं।ईरान का जवाब भी उतना ही आक्रामक है। क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाना और खाड़ी देशों तक मिसाइलों की पहुंच दिखाना यह बताता है कि संघर्ष सीमित नहीं रहेगा। यदि खाड़ी के देश भी अपनी जमीन पर हुए हमले के विरोध में ईरान के खिलाफ सीधे युद्ध में उतरते हैं तो यह आग कई सीमाओं को लांघ सकती है। इससे समुद्री मार्गों, तेल आपूर्ति और सामरिक जलडमरूमध्य पर खतरा बढ़ेगा जिससे संकट केवल क्षेत्रीय स्तर पर नहीं बल्कि वैश्विक स्तर पर फैल जायेगा।सबसे बड़ी चिंता होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर है। यदि वहां अवरोध पैदा होता है तो दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति की रीढ़ टूट सकती है। तेल की कीमतों में उछाल केवल बाजार का आंकड़ा नहीं होता, वह विकासशील देशों की अर्थव्यवस्थाओं को झकझोर देता है। भारत जैसे देश, जो अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए आयात पर निर्भर हैं, वह सीधे प्रभावित होंगे। महंगाई बढ़ेगी, राजकोषीय दबाव बढ़ेगा और आम नागरिक की जेब पर बोझ पड़ेगा।यह भी स्पष्ट है कि इस टकराव का असर केवल सैन्य या आर्थिक नहीं है। हवाई क्षेत्र बंद हो रहे हैं, उड़ानें रद्द हो रही हैं, प्रवासी समुदायों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। इसके साथ ही पश्चिम एशिया में बसे लाखों भारतीयों की सुरक्षा का प्रश्न हमारे लिए केवल कूटनीतिक मुद्दा नहीं, मानवीय दायित्व भी है।सबसे खतरनाक पहलू यह है कि बड़ी शक्तियां अलग अलग खेमों में बंटती दिख रही हैं। यदि यह संघर्ष लंबा खिंचता है और अन्य शक्तियां भी खुलकर पक्ष लेने लगती हैं, तो यह टकराव बहुध्रुवीय युद्ध का रूप ले सकता है। विश्व युद्ध शब्द का प्रयोग भले अभी अतिशयोक्ति लगे, पर वैश्विक अर्थव्यवस्था, ऊर्जा सुरक्षा और सामरिक गठबंधनों पर पड़ने वाला प्रभाव इसे विश्वव्यापी संकट अवश्य बना सकता है। बहरहाल, आज जरूरत है संयम की, संवाद की और कूटनीतिक साहस की। शक्ति प्रदर्शन से अस्थायी बढ़त मिल सकती है, स्थायी शांति नहीं। यदि पश्चिम एशिया को फिर से युद्धभूमि बनाया गया, तो उसकी कीमत केवल वहां के लोग नहीं, पूरी दुनिया चुकाएगी। भारत को संतुलित, दृढ़ और दूरदर्शी कूटनीति के साथ अपनी ऊर्जा सुरक्षा और नागरिकों की रक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी। देखा जाये तो युद्ध की आंधी में विवेक ही सबसे बड़ा हथियार होता है।



# सम्पादकीय

## ट्रंपकालीन एआई घोषणापत्र

डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन एआई पर किसी प्रकार के लगाम के खिलाफ है। उसके मुताबिक इस तकनीक की राह में नियम–कायदे जैसी रुकावटें नहीं होनी चाहिए। नई दिल्ली घोषणापत्र में इसी नजरिए को जगह मिली। यानी यह ट्रंपकालीन एआई घोषणापत्र है।आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआइ) पर हुए पहले तीन शिखर सम्मेलनों (लंदन, सियोल और परिस) में मुख्य जोर इस तकनीक से संबंधित सुरक्षा एवं इसका विनियमन पर था। मगर नई दिल्ली शिखर सम्मेलन में ये चिंताएं हाशिये पर चली गईं। उसके बजाय नई दिल्ली घोषणापत्र में मुख्य ध्यान आर्थिक विकास और समावेशन पर दिया गया है। लगभग 900 शब्दों के इस दस्तावेज के केंद्रीय बिंदु एआई के लोकतांत्रिक सम्मिलन का चार्टर, एआई संसाधनों तक पहुंच को प्रोत्साहित करने का स्वैच्छिक एवं अबाध्यकारी फ्रेमवर्क, और स्थानीय प्रासंगिकता के मुताबिक आविष्कार आदि हैं।ये बातें इतनी सामान्य किस्म की हैं कि इन पर मतभेद की गुंजाइश नहीं थी। इसलिए सम्मेलन में शामिल हुए सभी 88 देशों ने सहजता से इस पर दस्तखत कर दिए। जबकि 2025 में हुए पेरिस सम्मेलन में चूंकि एआई के विनियमन पर जोर दिया गया, तो अमेरिका ने साझा घोषणापत्र पर हस्ताक्षर से इनकार कर दिया था। डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन एआई पर किसी प्रकार के लगाम के खिलाफ है। उसकी दलील है कि इस तकनीक की राह में नियम– कायदे जैसी रुकावटें नहीं आनी चाहिए। नई दिल्ली घोषणापत्र को इसी नजरिए से तैयार किया गया। यानी यह ट्रंपकालीन एआई घोषणापत्र है। चीन भी एआई संप्रभुता की वकालत करता है, इसलिए ऐसे दस्तावेज पर उसे कोई आपत्ति नहीं होनी थी, जिसमें एआई विनियमन के बारे में राष्ट्रीय सरकारों के अधिकार को स्वीकार किया गया हो।चीन में एआई का उपयोग राजकीय नियोजन के तहत आम प्रशासन एवं जमीनी विकास के लिए हो रहा है। अमेरिका की तुलना में यह बिल्कुल अलग नजरिया है। चूंकि एआई के क्षेत्र में प्रमुख शक्तियां अमेरिका और चीन ही हैं, इसलिए वे अपने यहां इस तकनीक को कैसे विकसित कर रही हैं, वह इस समय वैश्विक चर्चा एवं ध्यान का प्रमुख बिंदु है। इस बीच एआई शिखर सम्मेलन उन दोनों सहित तमाम हितधारकों के बीच संवाद का मंच बने हैं।

## ट्रंप और राहुल का बदलते भारत को देखने का दृष्टिकोण एक जैसा

राहुल कांग्रेस की उस व्यवस्था से आते हैं, जिसमें भारतीय परंपरा–स्वाभिमान उत्सव का नहीं, बल्कि तथाकथित पिछड़ेपन, उत्पीड़न और महिला–विरोध का प्रतीक माना जाता है। दशकों तक भारतीय संस्कृति के प्रति हीन–भावना रखने वालों को मतदाता लगातार खारिज कर रहे है।

समय कई बार ऐसी चौंकाने वाली समानताएं हमारे सामने रख देता है, जो राजनीति–जीवन को नए तरीके से समझने का अवसर देती हैं। आज की उथल–पुथल भरी वैश्विक राजनीति में दो ऐसे व्यक्तित्वकृ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और देश के नेता प्रतिपक्ष (लोकसभा) राहुल गांधीकृ दुनिया के अलग–अलग हिस्सों में सक्रिय होने के बावजूद दोनों का बदलते भारत को देखने का दृष्टिकोण लगभग एक जैसा हैं। यह इसलिए भी ज्यादा हैरान करने वाला है, क्योंकि ट्रंप विदेशी है और राहुल भारत के शीर्ष नेताओं में एक। दोनों ही उस नए भारत से असहज हैं, जो अपनी जड़ों से जुड़कर राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए बिना किसी हीनभावना के दुनिया से अपनी शर्तों पर आत्मविश्वास के साथ संवाद कर रहा है।

एक ओर ट्रंप के रूप में वह दृष्टिकोण है, जो केवल लेन–देन पर आधारित है और वैश्विक व्यवस्था में अपनी धमक बरकरार रखने के लिए प्रयासरत है। वहीं राहुल एक ऐसे राजनीतिक वंश का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिसने स्वतंत्र भारत की सत्ता को अपनी विरासत मानकर पश्चिमी स्वीकृति को ही कूटनीतिक सफलता का पर्याय समझा है। ट्रंप द्वारा भारत को मृत अर्थव्यवस्था कहना कोई साधारण कूटनीतिक चूक नहीं थी। दरअसल, यह उस मानसिकता की झलक थी, जिसमें किसी राष्ट्र की ताकत को उसकी स्वतंत्र नीतियों से नहीं, बल्कि वह कितना श्हां में हां मिलाता हैय्कृ उस पैमाने पर आंका जाता है। ट्रंप के सहयोगियों द्वारा भारत को रूस का लॉन्ड्रोमैट बताना और रूसी तेल खरीद के मुद्दे पर ब्राह्मण समाज को निशाना बनानाकृ महज आर्थिक टिप्पणियां नहीं थीं, बल्कि कुटिल औपनिवेशिक चिंतन की परछाई थी।लोकतंत्र में आलोचना स्वाभाविक है। लेकिन यह चिंताजनक तब हो जाता है, जब देश का कोई प्रमुख नेता बाहरी पूर्वाग्रहों को अंतिम सत्य मानकर उसे दोहराने लगता है। राहुल द्वारा ट्रंप के मृत अर्थव्यवस्था कथन का समर्थनकृ मोदी सरकार की आलोचना नहीं, बल्कि औपनिवेशिक मानसिकता का उदाहरण है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत–पाकिस्तान युद्धविराम में अमेरिकी मध्यस्थता के ट्रंप के दावे को लेकर उन्होंने प्रधानमंत्री पर नरेंद्र–सरेंडर जैसी टिप्पणी कर दी, जबकि भारत किसी भी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता से साफ इनकार कर चुका था, जिसकी पाकिस्तान भी गवाही देता है।

# क्या हैं पाकिस्तान-अफगानिस्तान संघर्ष के मायने?

दक्षिण एशिया के इन दो पड़ोसी देशों के रिश्ते हमेशा से जटिल रहे हैं। दोनों देशों के बीच के विवाद की जड़ अंग्रेजो के शासन काल में है। अंग्रेजों के समय में जब भारत और पाकिस्तान का विभाजन हुआ उस वक्त पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच भी कुछ इलाकों का बंटवारा हुआ।पिछले कई दिनों से पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच लगातार सैन्य संघर्ष जारी है। पाकिस्तान में अलग–अलग जगहों पर हो रहे आतंकी हमलों के लिए अफगानिस्तान की तालिबान सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए पाकिस्तान ने अफगानिस्तान पर हवाई हमले शुरू किए। पाकिस्तान का अफगानिस्तान पर यह आरोप है की अफगान तालिबान तहरीक–ए–तालिबान को समर्थन देता है। पाकिस्तान के में हुए कई हमलों में तहरीक–ए–तालिबान के शामिल होने का आरोप इस्लामाबाद की ओर से लगाया जा रहा है। पाकिस्तान का अफगानिस्तान में आतंकी संघटन आय एस आय एस की मजूदगी का भी दावा है। बीते 3–4 वर्षों से पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच रूक–रूक कर झड़पें होती रही हैं। अक्टूबर 2025 में कतर की मध्यस्थता से दोनों पड़ोसियों में शांति समझौते का भी प्रयास किया गया। लेकिन इस्लामाबाद और काबुल किसी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंचे।पाकिस्तान–अफगानिस्तान के जटिल रिश्ते दक्षिण एशिया के इन दो पड़ोसी देशों के रिश्ते हमेशा से जटिल रहे हैं। दोनों देशों के बीच के विवाद की जड़ अंग्रेजो के शासन काल में है। अंग्रेजों के समय में जब भारत और पाकिस्तान का विभाजन हुआ उस वक्त पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच भी कुछ इलाकों का बंटवारा हुआ। अंग्रेज शासकों ने पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच एक सीमा रेखा खिंच दी जिसे डुरंड लाईन कहा जाता है। इस डुरंड लाईन से पख्तून बहुल इलाका पाकिस्तान और अफगानिस्तान में बंट गया। अफगानिस्तान ने इस सीमा रेखा को कभी स्वीकार नहीं किया और पाकिस्तान के हिस्से में गए इलाके (खैबर–पख्तूनख्वा) पर भी हमेशा दावा किया है। सीमा विवाद पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच के संघर्ष की एक महत्त्वपूर्ण वजह रही है।सिर्फ द्विपक्षीय मसला नहीं है पाकिस्तान–अफगानिस्तान संघर्ष सीमा विवाद और आतंकवाद– इन दो मुद्दों से पाकिस्तान–अफगानिस्तान का संघर्ष केवल द्विपक्षीय मामला लग सकता है। लेकिन इस जंग के मायने और परिणाम सिर्फ दो देशों तक सीमित नहीं हैं।एक, इस वक्त दुनिया में अनेक युद्ध चल रहे हैं, जैसे रूस–यूक्रेन युद्ध और इस्राएल–हमास युद्ध। अमेरिका भी ईरान पर हमले की तैयारी कर रहा है। ऐसे में एक और युद्ध से विश्व में अस्थिरता, असुरक्षितता और आर्थिक अनिश्चितता और बढ़ेगी।दूसरा, हाल के समय में पाकिस्तान और अमेरिका के बीच बढ़ती नजदीकियों को देखकर इससे इनकार नहीं किया जा सकता की अमेरिका इस जंग के जरिये अपना हित साधने की कोशिश करे। अगर अमेरिका मध्यस्थता करके दोनों देशों में शांति प्रस्थापित करता है तो अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड़ ट्रम्प इसे खुद की कामयाबी बता सकते हैं और अपने आप को नोबेल शांति पुरस्कार मिलने योग्य बता सकते हैं। तीसरा, अमेरिका यह भी चाहेगा की रूस किसी तरह अफगानिस्तान की मदद करे। अगर ऐसा होता है तो संभव है रूस का ध्यान यूक्रेन से भटके। इससे यूरोप ऊपर लगातार मंडरा रहा जंग का खतरा कुछ हद तक कम होगा। अमेरिका की कोशिशों से अगर यह हो पाता है, तो अमेरिका के यूरोपीय देशों से रिश्ते सुधर कते हैं। डोनाल्ड ट्रम्प के दुसरे कार्यकाल में अमेरिका और यूरोप के रिश्तों में काफी कड़वाहट पैदा हुई है। चौथा, अगर रूस अफगानिस्तान की प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से मदद नहीं करता, और अमेरिका इस युद्ध को रोकने में कामयाब होता है, तो इससे अमेरिका अफगानिस्तान से भी अपनी नजदीकियां बढ़ाने की कोशिश करेगा। अफगानिस्तान में प्राकृतिक संसाधन और खनिजों का बहुत बड़ा भंडार है, जिसका फायदा अमेरिका लेना चाहेगा।

# बांग्लादेश हो या श्रीलंका या नेपाल- सवाल वही

बांग्लादेश में विद्रोह का जो परिणाम हुआ है, उससे अलग सूरत नेपाल में नहीं होगी, जहां अगले पांच मार्च को आम चुनाव होना है। क्या बिना ऐसी संगठित पार्टी की मौजूदगी के– जिसके पास स्पष्ट विचारधारा और सुपरिभाषित संगठन हो– कोई ऐसा परिवर्तन हो सकता है, जिससे मूलभूत ढांचा बदले और आम जन के जीवन स्तर में सुधार का मार्ग प्रशस्त हो?बांग्लादेश में अगस्त 2024 जन व्रिदोह हुआ। अगुआई छात्रों ने की, जिनके पीछे आवाम का बहुत बड़ा हिस्सा लामबंद हुआ। उन सबकी शिकायत थी कि तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना वाजेद तानाशाह बन गई हैं, उन्होंने लगातार तीन आम चुनाव चुरा लिए, उनके शासनकाल में सिर्फ उनसे जुड़े लोगों का भला हो रहा है, सवाल पूछने वालों को सताया जाता है, इत्यादि। इन सबसे लोगों में असंतोष भरता गया और जब उसका विस्फोट हुआ, तो शेख हसीना को देश छोड़ कर भागना पड़ा। उनकी पार्टी– अवामी लीग के जो लोग देश में रह गए, उन्हें लोगों का गुस्सा झेलना पड़ा। पांच अगस्त 2024 को शेख हसीना के देश छोड़ने के बाद बनी अंतरिम सरकार ने अवामी लीग को प्रतिबंधित अवस्था में डाल दिया। 12 मई 2026 को हुए आम चुनाव में ये पार्टी भाग नहीं ले सकी।उपरोक्त घटनाओं से शेख हसीना, उनके परिवार और उनकी पार्टी से नाराज लोगों को तसल्ली मिली होगी। लेकिन अब जबकि नए चुनाव के नतीजे सामने हैं, तो विवेकशील लोग यह सोचने को मजबूर होंगे कि इतनी बड़ी उथल–पुथल से आखिर हासिल क्या हुआ? दो तिहाई बहुमत के साथ सत्ता में लौटी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) में आखिर नयापन क्या है? पार्टी की स्थापना सैन्य तख्ता पलट के जरिए सत्ता में आए जनरल जियाउल रहमान ने की थी। उनकी हत्या के बाद उनकी पत्नी बेगम खालिदा जिया ने पार्टी की कमान संभाली और दो बार प्रधानमंत्री रहीं। अब उन दोनों के बेटे तारीक रहमान उस पद पर पहुंचे हैं।तो एक राजनीतिक परिवार को भगाने का परिणाम दूसरे राजनीतिक परिवार की सत्ता में वापसी के रूप में सामने आया है। अतीत में दोनों की पार्टियां महज उन परिवारों की राजनीतिक महत्त्वाकांक्षा को साधने का जरिया बनी रही हैं, जैसाकि दक्षिण एशिया के दूसरे देशों में भी होता रहा है। ये पार्टियां आर्थिक–सामाजिक निहित स्वार्थों की नुमाइंदगी करती हैं और असल में वे ही उनकी ताकत का आधार हैं। वे ताकतें अपनी राजनीतिक वफादारी वक्त के साथ बदलती रहती हैं।शेख हसीना अगर सामान्य राजनीतिक प्रक्रिया को बाधित नहीं करतीं, तो संभव है कि 2014, 2019 या 2024 के किसी आम चुनाव में सत्ता बदल के आम चलन के तहत ही बीएनपी की सरकार बन गई होती। जन विद्रोह हुआ, तो इसलिए कि शेख हसीना ने अनुचित तरीके अपना कर चुनाव के जरे सत्ता हस्तांतरण संभव नहीं होने दिया। तो क्या यह समझा जाए कि जिस जन विद्रोह में लगभग 1400 लोगों की जान गई, उसका मकसद सिर्फ बीएनपी को सत्ता में वापस लाना था? उसी बीएनपी को, जिसके पास देश को नई दिशा देने या लोगों के जीवन स्तर में सुधार करने की कोई ठोस योजना नहीं रही है। असल में अपने अनुदार नजरिए और महजबी कट्टरपंथ से अपने रिश्तों के कारण अतीत में वह अवामी लीग की तुलना में कामकाजी जनता के हितों के अधिक खिलाफ नजर आई है। अब हकीकत यह है कि बांग्लादेश की सियासत कंजरवेटिव बीएनपी और धार्मिक कट्टरपंथी जमात–ए–इस्लामी के बीच बंट गई है। बहस के मुद्दे बांग्लादेश के पुराने संविधान को कायम रखने या शरिया कानून से प्रभावित अधिक इस्लामी ढंग से शासन चलाने के बीच सिमट गए हैं। क्या ऐसे ही बदलाव की आकांक्षा लिए बांग्लादेश के छात्र शेख हसीना के खिलाफ लामबंद हुए थे?ये बड़े, लेकिन बेहद आम किस्म के सवाल हैं। ये प्रश्न हर उस देश में वैसी घटना के बाद उठते हैं, जब कोई तानाशाह या आम सरकार जन–आक्रोश की भेंट चढ़ जाती है– जैसाकि पिछले सितंबर में नेपाल में और 2022 के मध्य में श्रीलंका में हुआ था।अब बांग्लादेश में विद्रोह का जो परिणाम हुआ है, उससे अलग सूरत नेपाल में नहीं होगी, जहां अगले पांच मार्च को आम चुनाव होना है। नेपाल में पिछले सितंबर में कथित जेन–जी प्रतिरोध ने इतना भीषण रूप ग्रहण किया कि तत्कालीन केपी शर्मा ओली सरकार को इस्तीफा देना पड़ा। वहां भीड़ ने अनेक राजनेताओं की सरेआम पिटाई की और सत्ता के केंद्र एवं प्रतीक भवनों को जला दिया गया। हालांकि प्रतिरोध सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म्स पर रोक लगाए जाने के खिलाफ शुरू हुआ था, लेकिन जल्द ही उसने जारी राजनीतिक संस्कृति के खिलाफ पूर्ण विद्रोह का रूप ग्रहण कर लिया। बताया गया कि नौजवान अपने लिए फैलती अवसरहीनता के बीच राजनेताओं और उनके बाल–बच्चों की आलीशान जिंदगी से नाराज थे, जिसका खुला इजहार उन्होंने सड़कों पर उतर कर किया।श्रीलंका और बांग्लादेश में हुए ऐसे ही विद्रोह से नेपाल का घटनाक्रम इस मामले में ही अलग था कि वहां के सत्ताधारी राजनेता को देश छोड़ कर नहीं भागे। कुछ समय के लिए वे पृष्ठभूमि में चले गए। इस दौरान एक नया प्रयोग यह हुआ कि जेनेरेशन–जेड के उभरे चेहरों ने सोशल मीडिया ऐप डिस्कॉर्ड के जरिए नई सरकार के मुखिया का चयन किया। सुप्रीम कोर्ट की पूर्व प्रधान न्यायाधीश सुशीला कार्की को प्रधानमंत्री पद की जिम्मेदारी दी गई। उसी कार्की सरकार की देखरेख में वहां चुनाव कराए जा रहे हैं।लेकिन चुनाव मुकाबले में फिर से वही चेहरे लौट आए हैं, जिन्हें हटाने के लिए जेन–जी और अन्य पीढ़ियों के लोगों ने उथल–पुथल मचाई थी। जो नया चेहरा सामने है, वह भी जेन–जी आंदोलन से नहीं उभरा। बल्कि उसके पहले सोशल मीडिया के जरिए बनी लोकप्रियता के आधार पर काठमांडू का मेयर बन चुका था। ये बालेन शाह हैं, जिन्होंने अपना करियर रैप म्यूजिक से निर्मित किया।रैपर के रूप में उन्होंने पारंपरिक राजनेताओं और राजनीति का मखौल उड़ाया। इससे इतनी लोकप्रियता मिली कि नेपाल की राजधानी के लोगों ने उन्हें मेयर चुन लिया। मगर किसी को यह नहीं मालूम कि बालेन शाह के पास देश के विकास एवं जन कल्याण का क्या कार्यक्रम है? उनकी विचारधारा क्या है या देश के बारे में उनकी परिकल्पना क्या है? इसके बावजूद पिछले आम चुनाव में अचानक उभरी राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी ने उन्हें प्रधानमंत्री पद का चेहरा घोषित किया है। इस पार्टी की कथा भी अजीब है। इसकी स्थापना 2022 में हुई। इसके संस्थापक रवि लामिछाने हैं, जो पहले एक लोकप्रिय पत्रकार और टीवी होस्ट थे। पार्टी की विचारधारा के बारे में ज्यादा कुछ मालूम नहीं है, लेकिन 2022 के आम चुनाव में उसका भ्रष्टाचार विरोधी एजेंडा लोकप्रिय हुआ, जिसे युवाओं का भारी समर्थन मिला। उस चुनाव में 21 सीटें जीत कर आरएसपी ने चौथी सबसे बड़ी पार्टी का दर्जा पाया।गठबंधन की राजनीति में सत्ता का सुख भोगने के लिए इतनी सीटें काफी होती हैं, तो लामिछाने चुनाव के बाद बनी सरकार में गृह मंत्री बन गए। लेकिन उन पर सहकारी घोटाले में शामिल होने का आरोप लगा। यह मामला नेपाल में सहकारी संस्थाओं में जुड़ी वित्तीय हेरफेर और धोखाधड़ी से संबंधित था। मामला इतना भड़का कि लामिछाने को जेल जाना पड़ा। मगर जेन–जी आंदोलन के दौरान प्रदर्शनकारियों ने जेल पर धावा बोल कर रवि लामिछाने समेत 1500 से अधिक कैदियों को रिहा करा लिया। अब लामिछाने की पार्टी सत्ता के प्रमुख दावेदारों में शामिल होकर चुनाव लड़ रही है।

चूंकि बालेन शाह की अपनी कोई पार्टी नहीं थी, तो वे आरएसपी में शामिल हो गए। चूंकि लामिछाने की छवि धूमिल हो गई थी, तो उन्होंने बालेन शाह को प्रधानमंत्री पद का चेहरा घोषित किया है। यानी यह सुविधा का रिश्ता है, मगर नेपाल में फिलहाल यही एक नया विकल्प है। बाकी पार्टियां वही हैं, जो राजशाही के खात्मे के बाद से सत्ता में भागीदार रही हैं। उन्होंने आपस में इतनी बार गठबंधन बनाए और तोड़े कि उसे एकबारगी से याद रखना शायद उनके लिए भी मुमकिन नहीं होगा! तो वही ओली हैं, वही पुष्प कमल दहल हैं, और वही नेपाली कांग्रेस है– हालांकि पार्टी में विभाजन के बाद गगन थापा नेपाली कांग्रेस के नेता बन चुके हैं। पांच मार्च के बाद इन नेताओं से ही कोई एक प्रधानमंत्री बनेगा। मगर उससे नेपाल में क्या बदलेगा? राजकाज की शैली या राजनीतिक संस्कृति में क्या बदलाव आएगा? देश के विकास और लोगों के जीवन स्तर में क्या फर्क पड़ेगा?

तजुर्बे के आधार पर इन सवालों की पड़ताल करनी हो, तो हम अपना ध्यान श्रीलंका की तरफ ले जा सकते हैं। श्रीलंका में 2022 में अरागलया नाम से हुए जन विद्रोह के कारण तत्कालीन राष्ट्रपति गोटाबया राजपक्षे को सपरिवार देश छोड़ कर भागना पड़ा था। उसके बाद लगभग दो साल तक वहां एक कार्यवाहक सरकार रही। सितंबर 2024 में नया चुनाव हुआ, तो श्रीलंका में कम–से–कम इतना तो जरूर हुआ कि एक ऐसा नया चेहरा उभरा, जिसकी ठोस राजनीतिक पृष्ठभूमि थी। अनुरा कुमारा दिसानायके तब राष्ट्रपति चुने गए, जो मार्क्सवादी– माओवादी जनता विमुक्ति पेरामुना से आए हैं। उनके मौजूदा दल नेशनल पीपुल्स पॉवर को भी वामपंथी माना जाता है। इसलिए दिसानायके की जीत को एक नए और बेहतर विकल्प तलाशने की जनता की आकांक्षा का प्रतीक समझा गया था।

लेकिन उनके डेढ़ साल के शासनकाल का अनुभव क्या है? श्रीलंका या उसके बाहर का शायद ही कोई मार्क्सवादी आज यह कहने की स्थिति में हो कि दिसानायके सरकार ने श्रीलंका को कोई नई दिशा दी है, अथवा उन्होंने वामपंथी सरकार चलाई है। अधिकतम उपलब्धि यही बताई जाती है कि दिसानायके प्रशासन ने देश को राजनीतिक स्थिरता प्रदान की है और सरकार से जुड़े लोगों पर अब तक भ्रष्टाचार के कोई गंभीर आरोप नहीं लगे हैं। मगर इसे किसी रूप में वामपंथी उपलब्धि के रूप में नहीं देखा जा सकता।

## आज का राशिफल

मेष राशि–

आज आपका दिन नयी उमंगें लेकर आया है। काफी समय से किसी बात से परेशान लोग आज उसका समाधान ढूंढ लेंगे। लोगों के विचार और आपके बारे में बोली गई बातों के कारण आप मन ही मन उलझन में रहेंगे।

वृष राशि–

आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। कारोबार में अपनी मेहनत से आगे बढ़ेंगे। आज अच्छी खबर आपको मिलेगी। आज बच्चों के साथ समय बिताएंगे उनके मन की बातों को समझेंगे। काफी समय से आपके रिश्ते की बात चल रही थी वो जल्द पक्की होगी।

मिथुन राशि–

आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज व्यक्तिगत जीवन की जिम्मेदारियों का निर्वाह करेंगे। इस राशि के राजनीतिज्ञों को लोगों का समर्थन मिलेगा। लोग आपके कार्यों की तारीफ करेंगे।

कर्क राशि–

आज आपका दिन खुशी से भरा रहेगा। आपके कामों की गति धीमी रहेगी, लेकिन मित्रों के साथ आपके रिश्ते बेहतर रहेंगे। इसके साथ ही आप परिवार में सबको खुश रखने की कोशिश में लगे रहेंगे आपको अच्छा लगेगा।

सिंह राशि–

आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। इलेक्ट्रॉनिक्स के कारोबारियों को लाभ के योग बन रहे हैं। वैवाहिक जीवन में अपनापन बढ़ेगा। आज शाम का डिनर बाहर करेंगे। बच्चों के साथ आपसी लगाव बढ़ेगा।

कन्या राशि–

आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपकी वाणी में कठोरता आ सकती है दूसरों के प्रति स्नेह भाव बनाएं रखें।

तुला राशि–

आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपको किसी महत्वपूर्ण चर्चा में शामिल होने का मौका मिलेगा, जिसमें आपकी सहभागिता अच्छी खासी रहेगी।

वृश्चिक राशि–

आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। आज दोस्त आपका मनोबल बढ़ाएंगे। आज आपके स्वास्थ्य में बेहतरी बनी रहेगी। आज सोची हुई कार्य योजनाओं को पूर्ण करने में सफलता मिलेगी।

धनु राशि–

आज आपका दिन सुख शांति से भरा रहेगा। पुत्र पक्ष से सहयोग मिलेगा। आपसी रिश्ते में मिठास बढ़ेगी। इस राशि के लोगों का निर्माण कार्य जल्द पूरा हो जायेगा।

मकर राशि–

आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज जिस भी क्षेत्र में आप मेहनत करेंगे उसमें उन्नति हासिल करेंगे। आज आपकी सभी परेशानियों का अंत होगा। सफलता की नई किरण दिखाई देगी।

कुम्भ राशि–

आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आज आपके सोचे हुए कार्य एक–एक करके पूरे होते जायेंगे, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आज आपके कारोबार में सुखद बदलाव आयेगा, आय में बढ़ोतरी होगी।

मीन राशि–

आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज परिवार में विशेष लोगों का आवागमन हो सकता है। आज आप इसकी तैयारी में व्यस्त रहेंगे।

# सामाजिक एवं आर्थिक गैरबराबरी के विरोधी थे गुरु रविदास- हरि प्रसाद

बाराबंकी(आरएनएस )। सिद्धौर ब्लॉक के ग्राम पंचायत उस्मानपुर में हनक बुद्ध विहार व सन्त रविदास मंदिर प्रांगण में शनिवार को सन्त शिरोमणि गुरु रविदास जयन्ती समारोह मेला का आयोजन किया गया। संयोजक रविदास समाज सेवा संस्थान उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष एवं हाईकोर्ट लखनऊ के वरिष्ठ अधिवक्ता हरीप्रसाद हनक द्वारा बड़ी धूमधाम मेला का आयोजन कराया गया। जिसमें सैकड़ों लोग मौजूद रहे। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि गुरू रविदास ने सामाजिक एवं आर्थिक गैरबराबरी को मिटाने के लिए समाज में भजन और सत्संग के माध्यम से जागरूकता पैदा की थी। मेले में आए हुए श्रद्धालुओं को भोजन कराया गया। इस दौरान संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा सन्त रविदास जी के जीवन दर्शन पर नाटक मंचन किया गया। जिस कार्यक्रम ने लोगो का मन मोह लिया। जनता तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का सम्मान करके मनोबल बढ़ाया। आयोजक हरीप्रसाद 'हनक' ने आये हुए सभी अतिथियों को माला पहनाकर स्वागत सम्मान करके सन्त रविदास की फोटो व प्रतीक चिन्ह देकर पंचशील की पट्टी पहनाकर सम्मान किया। सभी लोगो ने सन्त शिरोमणि गुरु रविदास जी सत्य वचन वाणी विचार अपना कर नशा मुक्त होकर बच्चों को शिक्षा संस्कार देने की अपील की। मुख्य रूप से स्मारोह में मुख्य रूप से भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जनशक्ति के जिलाध्यक्ष मोहम्मद आसिफ, इं अमित चौधरी, दीप चन्द रावत, डा० अल्का राजवंशी, सेवानिवृत उपजिलाधिकारी राम कुमार गौतम, सेवानिवृत पीसीएस अधिकारी जीत लाल सैनी, राजकीय निर्माण विभाग उत्तर प्रदेश (से०नि०) के मुख्य लेखाधिकारी रामदास, रेखा आर्या एडवोकेट, सूर्य बली विकल्प, लोकगायक जमुना प्रसाद कनौजिया, निर्मल कुमार, आल्हा गायक रघुनाथ टेलर, अमित बौद्ध, रेनू बौद्ध, राजाराम विश्वास, मल्हूराम कुरील, चन्दन वर्मा एडवोकेट, जगजीवन, जयचन्द, रामविलास, राजेन्द्र प्रसाद, सोमनाथ सुमन, राम सिंह गौतम, मलखान, अरविन्द, सूरज, सतीश, देशराज, राममिलन, राहुल, नीलम गौतम आदि हजारों लोग मौजूद रहे।

# नकल कांड पर नोटिस का पर्दा, महर्षि वाल्मीकि केन्द्र पर बड़ा खेल

———— मिश्रित सीटिंग की धज्जियां, नोटिस से निपटा मामला। ———— सीटिंग ध्वस्त, वाइस रिकॉर्डिंग ठप, कार्रवाई शून्य।

कुशीनगर (आरएनएस)। जिले में संचालित हो रहे यूपी बोर्ड परीक्षा के दौरान महर्षि वाल्मीकि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपरैचा में सामने आए कथित नकल कांड ने शिक्षा व्यवस्था की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आरोप है कि यहां मिश्रित सीटिंग व्यवस्था को सुनियोजित ढंग से ध्वस्त किया गया। वाइस रिकॉर्डिंग को निष्प्रभावी कर दिया गया और इमला बोलकर छात्रों को प्रश्नपत्र हल कराए गए। लेकिन इन गंभीर आरोपों के बावजूद न तो केन्द्र व्यवस्थापक पर कोई ठोस कार्रवाई हुई और न ही केन्द्र को डिबार किया गया। जो अपने आप मे यक्ष प्रश्न है। बताते चलें कि बोर्ड के स्पष्ट निर्देश हैं कि परीक्षा के दौरान मिश्रित सीटिंग व्यवस्था अनिवार्य है, ताकि किसी एक विद्यालय के छात्रों को सामूहिक लाभ न मिल सके। आरोप है कि इस मूल नियम को दरकिनार कर महर्षि वाल्मीकि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ने अपने छात्रों को अलग कमरों में बैठाया गया। इतना ही नहीं, कई कक्षों में वाइस रिकॉर्डिंग व्यवस्था निष्प्रभावी रही, जिससे निगरानी तंत्र कमजोर पड़ गया।इनसेट—— इमला बोलकर नकल का आरोप—— महर्षि वाल्मीकि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के वाह्यय केन्द्र व्यवस्थापक रहे विजय यादव व स्टेटिक मजिस्ट्रेट अमित कुमार द्वारा संयुक्त रूप से डीआईओएस श्रवण कुमार गुप्त को दिये गये पत्र में खुलासा किया गया है कि केन्द्र पर वाइस रिकॉर्डिंग के अभाव का फायदा उठाकर छात्रों को इमला बोलकर उत्तर लिखवाए गए। ऐसे में यह न सिर्फ परीक्षा नियमों का उल्लंघन है, बल्कि मेहनती और ईमानदार छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ भी है।इनसेट——कार्रवाई के नाम पर 'नोटिस' की कोरमपूर्ति——शिक्षा विभाग से जुडे लोगों की माने तो बड़ा सवाल यह है कि इतने गंभीर आरोपों के बाद भी केन्द्र को डिबार क्यों नहीं किया गया। विभाग ने कोरमपूर्ति के तौर पर केन्द्र व्यवस्थापक को नोटिस थमा दिया और मामले का पटाक्षेप कर दिया। शिक्षा जगत में चर्चा है कि क्या इतनी बड़ी अनियमितता पर महज नोटिस पर्याप्त है? मामले का सबसे चौंकाने वाला पहलू यह है कि प्रकरण को उजागर करने वाले वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक विजय यादव को यह कहकर हटा दिया गया कि उनकी तबीयत ठीक नहीं है। इलाज के लिए उन्हें ड्यूटी से मुक्त कर दिया गया है। ऐसे मे सवाल यह उठता है कि जब विजय यादव की तबीयत ठीक नही थी तो फिर उन्हे वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक बनाया क्यो गया? सवाल यह भी उठता है कि जब विजय यादव ने अपने केन्द्र पर हो रहे नकल का खुलासा किया तभी क्यो उनका तबीयत बिगड गया और उन्हें बोर्ड परीक्षा के जिम्मेदारी से मुक्त होना पडा। जानकारों का कहना है कि यदि अनियमितताओं की पुष्टि हुई थी, तो पहले केन्द्र को डिबार कर कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए थी। लेकिन इसके विपरीत शिकायतकर्ता को ही किनारे कर दिया गया।इनसेट——सवालों के घेरे में निर्णय—— डीआईओएस पर उठ सवाल पर गौर करे तो केन्द्र को डिबार क्यों नहीं किया गया? वाइस रिकॉर्डिंग निष्प्रभावी करने की जिम्मेदारी किसकी रही? मिश्रित सीटिंग व्यवस्था तोड़ने पर दंडात्मक कार्रवाई क्यों नहीं? शिकायतकर्ता को हटाने का वास्तविक कारण क्या है? ऐसे तमाम सवाल है जो सुरसा की तरह मुंह बाये खडी है। जिसका जबाब सिर्फ डीआईओएस ही दे सकते है।

# शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

## अश्लील फोटों खींचने का भी आरोपय मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

बाराबंकी(आरएनएस )। सफदरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चंदवारा में एक युवती ने गांव के ही एक युवक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता का आरोप है कि युवक ने शादी का झांसा देकर उसके साथ दुराचार किया और अश्लील फोटो भी खींच ली। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाने में दी गई तहरीर के अनुसार, चंदवारा निवासी युवती की गांव के ही छोटेलाल (पुत्र महादेव) से पिछले दो वर्षों से बातचीत थी। इसी दौरान युवक ने शादी का वादा किया। पीड़िता का आरोप है कि शादी का भरोसा देकर युवक ने शारीरिक संबंध बनाए। लगभग तीन माह पूर्व जब युवती ने विवाह के लिए दबाव बनाया, तो आरोपी ने कथित रूप से युवती की बीमारी का हवाला देते हुए शादी से इनकार कर दिया और कहा कि जैसे चल रहा है वैसे ही चलने दो। तहरीर में यह भी आरोप है कि शादी से इंकार पर जब युवती ने आरोपी से मिलना जुलना बंद कर दिया, तो 27 फरवरी 2026 को युवती को घर में अकेला पाकर युवक ने दुष्कर्म का प्रयास किया। इसी दौरान युवती के पिता के घर पहुंचने पर आरोपी मौके से धमकी देते हुए फरार हो गया। घटना के बाद पीड़िता ने थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दी, जिस पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी गई है। संबंधित पक्षों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं और साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चमके कुशीनगर के बधिर क्रिकेट खिलाड़ी आकाश सैनी, एशिया कप में भारत को दिलाई ऐतिहासिक जीत

जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर ने क्रिकेटर आकाश सैनी को किया सम्मानित।

कुशीनगर, (आरएनएस)। कुशीनगर जनपद के उभरते बधिर क्रिकेट खिलाड़ी आकाश सैनी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए भारत का नाम गौरवान्वित किया है। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि से देश, प्रदेश सहित जनपद में हर्ष का माहौल कायम है।

बताते चलें कि बधिर क्रिकेटर आकाश सैनी ने अपने क्रिकेट जीवन की शुरुआत डायमंड क्रिकेट एकेडमी से की। जहाँ उन्होंने विधिवत प्रशिक्षण प्राप्त कर अपनी खेल प्रतिभा को निखारा। कोविड–19 काल के पश्चात वे अपने गृह जनपद लौट आए और वर्तमान में कुशीनगर क्रिकेट एकेडमी में नियमित अभ्यास कर अपनी प्रतिभा को निरंतर विकसित कर रहे हैं।लखनऊ प्रवास के दौरान आकाश सैनी ने डिफ क्रिकेट एसोसिएशन से जुड़कर उत्तर प्रदेश की ओर से लगभग 20 टूर्नामेंट मैच खेले। जिनमें राष्ट्रीय एवं जोनल स्तर की प्रतियोगिताएँ शामिल रहीं। उनके निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर मात्र 17 वर्ष की आयु में पहली बार उनका चयन भारतीय बधिर क्रिकेट टीम में एशिया कप हेतु किया गया। बीते 18 से 25 फरवरी तक एशियन डेफ क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा इंडियन डेफ क्रिकेट एसोसिएशन के माध्यम से आयोजित बधिर क्रिकेट एशिया कप का आयोजन बाराबती स्टेडियम में संपन्न हुआ। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भारत, नेपाल एवं श्रीलंका की टीमों ने भाग लिया। आकाश सैनी भारतीय टीम के महत्वपूर्ण सदस्य रहे। उनके शानदार प्रदर्शन एवं पूरी टीम के सामूहिक प्रयास से भारत ने पूरे टूर्नामेंट में अजेय रहते हुए फाइनल मुकाबले में श्रीलंका को 6 विकेट से पराजित कर एशिया कप का खिताब अपने नाम किया है। जिला क्रीड़ा अधिकारी रवि कुमार ने कहा कि आकाश सैनी की यह उपलब्धि न केवल कुशीनगर बल्कि सम्पूर्ण प्रदेश के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद आकाश ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति, अनुशासन और अथक परिश्रम के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। जो अन्य खिलाड़ियों विशेषकर दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा के स्रोत है। जिला प्रशासन द्वारा आकाश सैनी को इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। तत्पश्चात उन्हें जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर द्वारा सम्मानित भी किया गया है।

# शिक्षा पर ही टिका है देश का भविष्य- राकेश जायसवाल

छात्रों के भविष्य निर्माण में अभिभावकों का है योगदान आवश्यक– अशोक कुमार यादव

कुशीनगर, (आरएनएस)। आज के बच्चे, कल के भविष्य हैं। बुनियादी शिक्षा पर ही बच्चों व देश का भविष्य टिका होता है। बच्चों के अंदर छिपी हुई प्रतिभा को निखारने का काम शिक्षकों के द्वारा ही किया जाता है।

उक्त बातें नगर पालिका परिषद कुशीनगर स्थित प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय विशम्भरपुर में आयोजित वार्षिकोत्सव समारोह को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित करते हुए अध्यक्ष प्रतिनिधि नगर पालिका कुशीनगर राकेश जायसवाल ने कही। उन्होंने कहा कि मजबूत राष्ट्र की परिकल्पना साकार तभी हो सकती है। जब हमारे बच्चे कुशल व सुशिक्षित हो। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि व बीईओ कसया अशोक कुमार यादव ने दीप प्रज्ज्वलन कर व मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण से किया। इस दौरान बच्चों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। बच्चों की मनोहारी प्रस्तुति देखकर उनके अभिभावक गदगद दिखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे खण्ड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार यादव ने अपने सम्बोधन में शिक्षकों के साथ अभिभावकों को भी अपने नौनिहालों के भविष्य निर्माण में सकारात्मक योगदान देने की अपील करते हुए कहा कि बालक के सर्वांगीण विकास में गैर शैक्षणिक सहायक गतिविधियों का भी विशेष महत्त्व है। बच्चों के अंदर प्रतिभा का अंबार है बस उसे निखारने की जरूरत है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, भ्रूण हत्या, धूम्रपान आदि विषयों पर बच्चों ने कार्यक्रम प्रस्तुत कर समाज को संदेश देने का कार्य किया। इससे पूर्व बच्चों ने विद्यालय में आयोजित खेल कूद के विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। उसके पश्चात को आयोजित शिक्षक अभिभावक बैठक में विभाग के विभिन्न योजनाओं तथा डीबीटी आदि बिंदुओं पर जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के दौरान पूर्व माध्यमिक विद्यालय विशम्भरपुर से स्थानांतरित सहायक अध्यापक चंद्रपाल सिंह का माल्यार्पण के स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र ओढ़ाकर विदाई किया गया। कार्यक्रम की संयोजक प्रधानाध्यापिका पुष्पा सिंह ने आगंतुकों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन आलोक कुमार तिवारी ने किया। अन्त में सहसंयोजिका प्रियंका सिंह ने आगंतुकों का आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर सभासद राकेश यादव, गीता शर्मा, निशा ओझा, सविता सिंह, इंदू कुशवाहा, सत्यभामा सिंह, इसरावती, सुमित्रा, चानमति,आराधना गुप्ता, सपना, पिंकी, रागिनी राजभर, यशोदा, सुंदरी, निधि, सुप्रिया, रागिनी, अनामिका, ज्योति, सोनाली, रिया, खुशबू, अर्चना, सोगरा, संदीप, कन्हैया, व्यास, अभिषेक, अमन, सूरज आदि उपस्थित रहे।

# ईरान में इंटरनेट सेवाएं बाधित होने से संपर्क टूटा, परिजन परेशान

बाराबंकी(आरएनएस )। ईरान पर अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हमलों के बाद उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले के कई परिवारों की चिंता बढ़ गई है। ईरान के प्रमुख धार्मिक एवं शैक्षणिक केंद्र कुम में बाराबंकी के 12 से अधिक छात्र, मौलाना और उनके परिजन मौजूद हैं। हालिया हमलों के बाद इंटरनेट सेवाएं बाधित होने से उनसे संपर्क टूट गया है, जिससे परिजन बेहद परेशान हैं। ईरान के कुम शहर में मौलाना जफर अब्बास उर्फ फैजी, मौलाना आबिद हुसैन काजमी, मौलाना अली मेहदी रिजवी, मौलाना सैयद काशिफ रिजवी जैदपुरी सहित कई लोग तालीम और धार्मिक गतिविधियों से जुड़े हुए हैं। इनके साथ परिवार के सदस्य, बच्चे और रिश्तेदार भी वहीं रह रहे हैं। हमले के तुरंत बाद शुरुआती दौर में कुछ लोगों से फोन पर बातचीत हो सकी थी लेकिन बाद में इंटरनेट सेवाएं बंद होने से संपर्क पूरी तरह बाधित हो गया। मौलाना जफर फैजी के भाई मौलाना अब्बास मेहदी 'सदफ' ने पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि हमले के बाद हुई बातचीत में जानकारी मिली थी कि कुम शहर की सीमा के पास धमाके हुए हैं। हालांकि शहर के भीतर हालात सामान्य बताए गए थे। इसके बाद से संपर्क न हो पाने के कारण परिवार की चिंता लगातार बढ़ रही है। कटरा मोहल्ले के मौलाना अली मेहदी के परिजनों ने भी इसी तरह की परेशानी जाहिर की है। मौलाना इमरान ने बताया कि कुम आमतौर पर शांत शहर है और वहां के लोग अमन पसंद हैं। मौजूदा समस्या की मुख्य वजह इंटरनेट सेवाओं का ठप होना है। सूचना के अनुसार, बाराबंकी के लोग सुरक्षित हैं लेकिन प्रत्यक्ष संपर्क न होने से अनिश्चितता बनी हुई है। मैंने खुद कई वर्षों तक कुम में काम किया है। बाराबंकी में परिजन मस्जिदों में इकट्ठा होकर अपने परिजनों की सलामती के लिए दुआ कर रहे हैं। अधिवक्ता दिलकश रिजवी ने बताया कि पहले संपर्क हो पा रहा था लेकिन अब पूरी तरह से संवाद बंद है, जिससे परिवारों में तनाव का माहौल है। स्थानीय लोगों ने केंद्र सरकार से अपील की है कि ईरान में रह रहे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए और आवश्यकता पड़ने पर उन्हें सुरक्षित स्वदेश लाने की व्यवस्था की जाए।

# कवि सम्मेलन में बरसे बसंती रंग- के ही मारेला भरी पिचकारी,भींजत मोर सारी---

(आरएनएस)। विमर्श साहित्यिक सामाजिक सेवा संस्था कुशीनगर द्वारा आयोजित मासिक काव्य गोष्ठी और होली मिलन समारोह में कवियों की रसभरी प्रस्तुति पर फाग के रंग उड़े और सरा – रा – रा के साथ श्रोताओं ने खूब आनंद लिया।जनपद के कसया तहसील क्षेत्र के साखोपार स्थित नवल किशोर सिंह स्मृति संस्थान के सभागार मेंआयोजित गोष्ठी का शुभारंभ अतिथियों ने माता सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित किया और कविता का आरंभ अश्वनी द्विवेदी ने सरस्वती वंदना से किया। मोहन पांडेय भ्रमर ने के ही मारेला भरी पिचकारी, भींजत मोर सारी पर श्रोता झूम उठे। रूबी गुप्ता सत्येंद्र ने अपने नापाक इरादों से बगावत कीजे सुनाई। वरिष्ठ कवि डॉ ओम प्रकाश द्विवेदी ओम की रचना सखी रे। बसंत आगमन स्वागत को उत्सुक मेरी अंखियां काफी सराही गई। उमेश चौबे अश्क ने चढल मास फागुन के जबसे, नयना राह निहारे हो, सत्य प्रकाश शुक्ला बाबा ने चली खेलन सजी धजी होरी गोरी रुचि रूप सजाए सुनाकर गोष्ठी को ऊंचाई प्रदान की। डॉ रानी शुक्ला ने मै कैसे कहूं यह मोहब्बत नहीं है, एक तुम्हारे सिवा कोई चाहत नहीं है, आकाश महेशपुरी ने नेता नोटों की गड्डी से खेल रहे हैं, अश्वनी द्विवेदी ने बहे पुरुआ फागुनवा में, डॉ मधुसूदन पांडेय ने आइल फागुन महीनवा के दिनवा, पिया नहीं अइले, ब्रजेश मणि त्रिपाठी ने पड़ी रंगों से है, फीकी मेरे जज्बात की होली सुनाकर बहाबही लूटी। डॉ बलराम राय ने कहां गई हुड़दंग होली, नंदलाल सिंह कांतिपति ने कहति कांति इस महंगाई में ठठ्ठा नहीं ठिठोली उहाँ होली अपनी होली सुनाकर लोगों को सोचने पर विवश कर दिया। मुख्य वक्ता दिल्ली से आईं डॉ जयंती ओझा ने अपनी रचना चलो मिलकर कहानी लिखते हैं सुनाई और होली पर अपनी शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ.सिद्धार्थ मणि त्रिपाठी प्रदेश अध्यक्ष विश्व भोजपुरी सम्मेलन रहे। उदित नारायण स्नातकोत्तर महाविद्यालय के हिंदी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. रामनरेश दूबे, प्रधानाचार्य परिषद के प्रदेश मंत्री शैलेंद्र दत्त शुक्ला, अखिलेश गोयल ने साहित्य सृजन और प्रोत्साहन पर चर्चा के साथ कवियों की प्रस्तुत रचनाओं को संकलित करने और प्रकाशन का आह्वान किया। संस्था अध्यक्ष आयोजक आरके भट्ट, अभा पत्रकार सुरक्षा समिति के प्रदेश अध्यक्ष अजय प्रताप नारायण सिंह, पीयूष प्रताप सिंह, शैलेश प्रताप सिंह, प्रधान ज्ञान बर्द्धन गोविंद राव आदि ने अतिथियों और कवियों का माल्यार्पण और सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान हरेंद्र नाथ पांडेय, विजय कुमार तिवारी, ज्योति भान मिश्र, कृष्ण नन्द पांडेय, नीरज साहा, पवन मिश्रा, संजय चाणक्य, आदित्य दीक्षित, एबीपीएसएस जिलाध्यक्ष हृदया नन्द शर्मा, सचिव आफताब आलम, कामख्या नारायण मिश्र, जुम्मन अली, सद्दाम हुसैन, हृदेश कुशवाहा, मात्रज शर्मा, दीपक मिश्रा, आलोक तिवारी, उमर फारूक, भुवनेश सिंह, करुणेश सिंह सहित भारी संख्या में श्रोता उपस्थित रहे।

# सीडीओ की अध्यक्षता में स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की बैठक में लंबित कार्यो पर जताई गई नाराजगी

कुशीनगरं, (आरएनएस)। जिला मुख्यालय स्थित विकास भवन के सभागार में सीडीओ वंदिता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की बैठक में जनपद में संचालित स्वास्थ्य विभाग की समस्त योजनाओं की गहन एवं बिंदुवार समीक्षा की गई। बैठक के दौरान पिछली बैठक की अनुपालन आख्या पूर्ण न होने पर मुख्य विकास अधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने निर्देशित किया कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत अवशेष सभी पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड हर हाल में 15 मार्च तक बनाए जाएं। समीक्षा में अवगत कराया गया कि जनपद में लगभग 6 लाख पात्र लाभार्थियों के कार्ड अभी भी लंबित हैं। जिस पर गंभीरता से कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर जन औषधि केंद्र स्थापित किए जाने की प्रगति संतोषजनक न पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों को दो दिवस के भीतर प्रभावी कार्यवाही कर प्रगति से अवगत कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में संस्थागत प्रसव, आशा कार्यकत्रियों के भुगतान, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की स्थिति, टीकाकरण कार्यक्रमों, स्वास्थ्य विभाग से संबंधित निर्माण कार्यों, नसबंदी, अंतरा इंजेक्शन, एईएस, जेई नियंत्रण, परिवार नियोजन अभियान तथा अन्य राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की विस्तार से समीक्षा की गई। समीक्षा में पाया गया कि अधिकांश आशा कार्यकत्रियों का भुगतान हो चुका है। शेष लंबित भुगतान को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। सीएचसी स्तर पर वाई–डिलेवरी से संबंधित चयनित 5–5 ग्रामों की पंजिकाओं की भी जांच की गई और आवश्यक सुधार के निर्देश दिए गए। गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच एवं समयबद्ध पंजीकरण सुनिश्चित करने, मातृ मृत्यु के प्रत्येक प्रकरण की गहन समीक्षा कर प्रभावी कार्यवाही करने तथा रिक्त पदों के सापेक्ष लंबित भर्तियां शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश भी दिए गए। सीडीओ ने सभी टीकाकरण कार्यक्रमों को शत–प्रतिशत लक्ष्य के साथ पूर्ण करने तथा 16 से 27 फरवरी तक संचालित विशेष परिवार नियोजन अभियान की उपलब्धियों की समीक्षा कर उसे और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। टीबी मुक्त भारत अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए

# विधायक सुरेश यादव ने सैनिक का किया नागरिक अभिनन्दन

बाराबंकी(आरएनएस )। कस्बा बडेल में सेवानिवृत होकर घर लौटे सेना के जवान प्रेम सिंह यादव का सदर विधायक सुरेश यादव ने माला पहनाकर और अंगवस्त्र देकर नागरिक अभिनन्दन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि एक सैनिक जब अपनी सेवा पूरी कर अपनी जन्मभूमि पर लौटता है, तो वह क्षण पूरे क्षेत्र के लिए सम्मान का होता हैं। बता दें कि शहर के बड़ेल निवासी, भारतीय सेना के सिपाही प्रेम सिंह यादव सेना की गौरवशाली सेवा पूरी कर रिटायर्ड होकर अपनी जन्मभूमि वापस लौटे। सुरेश यादव ने प्रेम यादव का मिठाई खिलाकर भव्य स्वागत किया। विधायक श्री यादव ने कहा कि एक सैनिक अपनी जवानी के सबसे महत्वपूर्ण वर्ष देश की सीमाओं की रक्षा में समर्पित कर देता है, और उनका सम्मान करना हम सभी का परम कर्तव्य है। तिरंगे की आन, बान, शान की रक्षा करने वाले जांबाज सैनिक का नागरिक अभिनंदन हैं फौजी कभी रिटायर नहीं होता, वह सदैव समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत रहता है। नागरिक अभिनन्दन पर सेवानिवृत सैनिक के परिजन सहित भारी संख्या मे स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# सपा की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाएं कार्यकर्ता राकेश वर्मा

बाराबंकी(आरएनएस )। कुर्सी विधानसभा क्षेत्र के अगौली गांव में एक जनमिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान समाजवादी पार्टी (सपा) के पूर्व कारागार मंत्री और पूर्व प्रत्याशी राकेश वर्मा की मौजूदगी में कई दर्जन कार्यकर्ताओं ने सपा की सदस्यता ग्रहण की। इस कार्यक्रम का आयोजन पारख महासंघ के पूर्व ब्लाक अध्यक्ष राजाराम रावत ने किया था। इस अवसर पर विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े कई दर्जन कार्यकर्ताओं ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ली। कार्यक्रम स्थल पर पार्टी समर्थकों की भीड़ मौजूद रही। राकेश वर्मा ने नए सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि इनके जुड़ने से संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूती मिलेगी। वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि कुर्सी विधानसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी लगातार मजबूत हो रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह शक्ति आने वाले चुनावों में निर्णायक साबित होगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से क्षेत्र की समस्याओं को जनता के बीच उठाने और पार्टी की नीतियों व विचारधारा को घर–घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। वर्मा ने यह भी कहा कि आगामी विधानसभा चुनावों में कुर्सी से सपा का विधायक बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर मेहनत करनी होगी। इस कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के कुर्सी विधानसभा अध्यक्ष सुरेश यादव भी उपस्थित थे। उन्होंने नए सदस्यों को पार्टी की सदस्यता दिलाने में सक्रिय भूमिका निभाई और संगठनात्मक एकता पर जोर दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण, पार्टी पदाधिकारी और समर्थक भी मौजूद रहे। यह जनमिलन कार्यक्रम क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा और आगामी राजनीतिक रणनीतियों पर विचार–विमर्श का मंच बना। इस आयोजन को कुर्सी विधानसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी की बढ़ती सक्रियता और प्रभाव के रूप में देखा जा रहा है। सदस्यता ग्रहण करने वालों मे राजेश रावत, रामविलास रावत, राम सुरेश, गजेंद्र रावत, वीरेंद्र, राम सुचित, राम लखन, भानू प्रताप, ननकऊ, राजेंद्र प्रसाद, बृजमोहन, गंगाराम, प्रमोद कुमार, राज कुमार, ओमप्रकाश, वीरेंद्र, हीरालाल संदीप कुमार समेत पचास लोगों ने सदस्यता ली।

# मुंडन संस्कार में किया पौधरोपण

बाराबंकी(आरएनएस )। जनकल्याण किसान एसोसिएशन द्वारा निरंतर चलाए जा रहे जीवन रक्षार्थ एक पौधारोपण अभियान के तहत रविवार को विकासखंड देवा क्षेत्र के ग्राम भवानीबाग निवासी राहुल यादव के सुपुत्र आकांक्ष यादव के मुंडन संस्कार पर एक अमरूद का पौधा किया गया। पौधारोपण के उपरांत संगठन के अध्यक्ष धर्म कुमार यादव ने बताया कि हमारे संगठन द्वारा मुंडन संस्कार, जन्मदिन, विवाह, वर्षगांठ, धार्मिक व राष्ट्रीय पर्व, तेरहवीं संस्कार में पौधरोपण कराया जा रहा है। यह अभियान पर्यावरण संरक्षण को दृष्टिगत रखते हुए चलाया जा रहा है। अध्यक्ष श्री यादव ने सभी आमजनमानस से अपील करते हुए कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए हम आप सभी को अधिक से अधिक पौधे रोपित करना होगा तभी हमारा पर्यावरण सुरक्षित रह सकता है। इसलिए ऐसे शुभ अवसरों पर सभी लोग एक–एक पौधा अवश्य लगाएं और उसका पालन पोषण करें जो बड़ा होकर एक यादगार बनेगा और हमारे पर्यावरण को भी संरक्षित रखेगा। इस अवसर पर जनकल्याण किसान संगठन के तहसील उपाध्यक्ष सत्यनाम यादव, तहसील सचिव दिलीप कुमार यादव, कथा वाचिका खुशबू शास्त्री, सुनील यादव, संजय यादव, श्रवण यादव, कुबेर यादव, राकेश यादव, दीपेंद्र कुमार, विजय कुमार आदि मौजूद रहे।

# सफलता छोटे-छोटे प्रयासों का योग है रामप्रकाश वर्मा

बाराबंकी(आरएनएस )। मेरा युवा भारत (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) की जिला युवा अधिकारी के दिशा–निर्देशन में मंडल विकास अभियान का सफलतापूर्वक समापन तुलसी स्मारक बाल विद्या मंदिर उच्च प्राथमिक विद्यालय पारा खंदौली में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रामप्रकाश वर्मा सेवानिवृत शिक्षा विभाग व विशिष्ट अतिथि में प्रवीण कुमार और गौरव यादव क्षेत्र पंचायत सदस्य के रूप उपस्थित हुये। इसी क्रम में मुख्य अतिथि व विशिष्ट को बैज व फूल माला पहनाकर उनको सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि रामप्रकाश वर्मा ने युवाओं को बताया कि सफल व्यक्ति बनने की कोशिश मत करो, बल्कि मूल्यवान व्यक्ति बनने की कोशिश करो। सफलता छोटे–छोटे प्रयासों का योग है, जिन्हें दिन–रात दोहराया जाना चाहिए। सफल लोग वो करते हैं जो असफल लोग करने को तैयार नहीं होते। आसान होने की कामना मत करोय बल्कि बेहतर होने की कामना करो। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे विवेक कुमार यादव युवा अध्यक्ष एवं पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक ने कहा कि युवा मंडल विकास अभियान का मुख्य उद्देश्य है कि ग्रामीण युवाओं का कौशल विकास करना, उन्हें स्थानीय स्तर पर रोजगार योग्य बनाना तथा उनमें नेतृत्व क्षमता का विकास करना है, यह अभियान ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं को संगठित कर राष्ट्र निर्माण की दिशा में प्रेरित करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। घ्इस अवसर पर मेरा युवा भारत के पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक सुरजीत सिंह चौहान ने बताया कि अभियान के तहत दस युवाओं की एक टीम गठित की गयी और गांव–गांव जाकर युवा मंडलों को सक्रिय करने का कार्य किया। अभियान के दौरान प्रत्येक क्लब में दस सदस्यों के साथ कुल 75 यूथ क्लबों का गठन तथा पुनर्गठन भी किया गया, जिसमें कुल 750 युवा सदस्यों को जोड़ा गया। शिवा गौतम पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक ने युवा मंडलों के सदस्यों को मेरा युवा भारत के नियमों व अपने क्लब को भविष्य में सक्रिय रखने को भी बताया। कार्यक्रम के पश्चात अतिथियों को मेरा युवा भारत की तरफ से स्मृति चिन्ह देकर भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में अवधेश मौर्य, वीरेंद्र कुमार यादव, वासुदेव, सौरभ सिंह, शशि मौर्य, संगीता वर्मा, सरिता रावत, अध्यापक एवं अध्यापिकाएं एवं युवा मंडल के सदस्य उपस्थित रहे। समापन समारोह के साथ ही युवाओं ने सामाजिक विकास एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

# एक माह के अंदर भरे जाए 31 आशा के रिक्त पद : डीएम -अच्छा कार्य करने पर आशा, एएनएम व सीएचओ सम्मानित

चित्रकूट। डीएम पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति के शाषी निकाय की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में आयोजित की गई। जिसमें अध्यक्ष द्वारा जनपद में पिछले वर्ष के सापेक्ष ओपीडी 760042 अधिक, आईपीडी 5393 अधिक कराए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की गई, लेकिन संस्थागत प्रसव में पिछले वर्ष के सापेक्ष 56 प्रसव काम होने पर अप्रसन्नता भी जताया। एमसीएच विंग खोह के गेट पर साफ साफ सफाई की व्यवस्था के लिए नगर पालिका से समन्वय स्थापित करते हुए नियमित साफ सफाई कराए जाने, संस्थागत प्रसव को बढ़ाये जाने को अधिक से अधिक एल–1 इकाइयों में कार्य कराए जाने के लिए विस्तार से समीक्षा करते हुए अधीक्षक मानिकपुर, पहाड़ी व शिवरामपुर को कम से कम 30 प्रतिशत इकाइयां एक्रीडिटेड किये जाने के निर्देश दिए गए। अध्यक्ष ने चिकित्सा अधीक्षक मऊ द्वारा हेल्थ इंडीकेटर को सही किये जाने के सार्थक प्रयास न किये जाने को संज्ञान में लेते हुए टीकाकरण में गिरावट, एचवीएनसी का कम होना आदि को सही कराए जाने के निर्देश दिए गए। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए शत प्रतिशत विद्यालय व आंगनबाड़ी केदो का भ्रमण करते हुए अधिक से अधिक बच्चों को बीमारियों से चिन्हित कर समय से उपचार दिए जाने के निर्देश दिए गए। जिसमें जिन लोगों को सर्जरी की सुविधा दी गई है उनकी लाइन लिस्टिंग उपलब्ध कराए जाने व उनको अलग से किट आदि दिए जाने का प्रावधान किए जानेके निर्देश दिए गए। आशा कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए समस्त चिकित्सा अधीक्षकों को निर्देशित किया गया की एक माह के अंदर 31 आशा के रिक्त पदों को यथाशीघ्र भरा जाए तथा जिन ग्राम प्रधानों के द्वारा पदों को भरे जाने में सहयोग न किया जा रहा हो उसके लिए जिला पंचायत राज अधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए कार्य को पूर्ण कराया जाए। इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता पाई जाती है तो अगली बैठक में संबंधित के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। जिसके लिए वह व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होगा। डीएम ने जनवरी माह में एक भी मातृ मृत्यु न होने पर प्रसन्नता व्यक्त किया। सभी को बधाई देते हुए आशा की गई कि यदि नियमित रूप से सभी सेवाएं देते रहें तो सभी गर्भवती महिलाएं पूर्ण सुरक्षित होगी तथा मृत्यु की आशंका नहीं होगी। स्वास्थ्य विभाग में बेहतर काम करने के लिए अध्यक्ष द्वारा जनपद की पांच एएनएम, पांच आशा व पांच सीएचओ को भी सम्मानित किया गया। जनपद में संविदा चिकित्सा अधिकारी के साथ रिक्त पदों को यथाशीघ्र भरे जाने व स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत निर्माण संबंधी कार्यों की समीक्षा सभी कार्यवाही संस्थाओं के साथ मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक कराए जाने के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग में संचालित एम्बुलेंस की समीक्षा में पाया गया की एंबुलेंस द्वारा सही रूप से कार्य नहीं किया जा रहा है तथा मानक के अनुरूप मानव संसाधन भी तैनात नहीं है। जिस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया की एंबुलेंस का सघन पर्यवेक्षक कराया जाए तथा रिपोर्ट से शासन को भी अवगत कराया जाए। सभी चिकित्सा अधीक्षकों द्वारा अपने–अपने क्षेत्र की दी गई समस्याओं एवं सुझाव को संज्ञान में लेते हुए अध्यक्ष द्वारा मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया की सूची के अनुसार कार्यों को कराए जाने के लिए संबंधित खंड विकास अधिकारी द्वारा ग्राम प्रधानों व अन्य के माध्यम से कराए जाने के प्रयास किए जाएं।

# अब भारत में नहीं बनने दी जाएगी बाबरी मस्जिद, मेरठ में बोले- संगीत सोम

दौराला (मेरठ)। दशरथपुर स्थित मंगलम फार्म हाऊस में होली मिलन समारोह आयोजित हुआ। भाजपा के पूर्व विधायक संगीत सोम ने कहा कि ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह अली खामेनेई की अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हवाई हमलों में मौत हो गई है। इतने मुस्लिम देश होने के बावजूद भी इस हमले का कोई विरोध नहीं कर सका।

रविवार को हुए कार्यक्रम में संगीत सोम ने कहा कि भारत में भी बाबरी मस्जिद बनाने की बात करने वाले कान खोलकर सुन लें। जिस तरह वह सब एकजुट होकर प्रदर्शन करने लगते है, अब इस देश में बाबरी मस्जिद नहीं बनेगी। अगर, बनी तो उसकी नींव को उखाड़ दिया जाएगा। सभी सनातनी इसके लिए एकजुट होंगे। कवयित्री अनामिका जैन ने यूपी में बाबा... राम भक्त ही आया है..... कविता प्रस्तुत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। निरंजनी अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर कैलाशानंद गिरि महाराज ने कहा कि वह श्रीलंका में प्रवास पर थे, जहां श्रीलंका सरकार ने हमें 50 एकड़ जमीन आश्रम के लिए दी है। कहा कि देश में अब से पहले भी हिंदू प्रधानमंत्री थे, मगर मजार की जगह तीर्थ स्थलों पर जाकर पूजा अर्चना करने वाला पहला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रूप में देश को मिला है।

कहा कि भगवान राम जब राजा थे तो उनका राज्य दूर दूर तक था, मगर उनके बाद जैसे जैसे युग बदलते रहे, खंड विभाजित होते रहे। उस दौरान सब सनातनी थे। मिजोरम के राज्यपाल डा. वीके सिंह ने कहा कि होली ऐसा पर्व है, जिसमें गिले शिकवे मिटाए जाते हैं और आपसी भाईचारे को कायम रखा जाता है। पूर्व सांसद ब्रज भूषण शरण सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने का काम करते हैं। उन्होंने मंच से लोगों से एकजुट रहने का आह्वान किया और कहा दबदबा है, दबदबा रहेगा।

अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत रविंद्रपुरी, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव चौधरी, पूर्व सांसद राजेंद्र अग्रवाल ने भी समारोह को संबोधित किया। संगीत सोम ने अतिथियों और क्षेत्रवासियों का आभार किया।

फिर अबीर गुलाल व फूलों की होली खेली गई। मंत्री जसवंत सैनी, एमएलसी धर्मेंद्र भारद्वाज, विधायक रामवीर सिंह, हरपाल सैनी, पूर्व विधायक सतवीर त्यागी, पूर्व जिला अध्यक्ष अनुज राठी, आशीष प्रताप, मोहन सैनी, शर्मिष्ठा भंडारी आदि मौजूद रहे।

# कपड़ा व्यापारी से 32.61 लाख ठगे, मनी लांड्रिंग केस से जुड़ा बताकर दिया झांसा

मेरठ। साइबर ठगों ने कपड़ा व्यापारी तिलकराज नरूला को जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल से जुड़े 538.62 करोड़ की मनी लांड्रिंग केस में दोषी बताया। वीडियो काल पर जोड़कर फर्जी मुंबई हाईकोर्ट में कपड़ा व्यापारी की पेशी कराई गई।आरोप लगाया कि कपड़ा व्यापारी ने बैंक एकाउंट की आइडी को दस प्रतिशत कमीशन पर नरेश गोयल को बेचा है। साथ ही उनके मोबाइल नंबर से पोर्न वीडियो बनाकर लड़कियों को ब्लैकमेल किया जा रहा है। तभी कपड़ा व्यापारी ने अपनी कैनरा बैंक की पांच एफडी तुड़वाकर साइबर ठगों के खाते में आरटीजीएस के माध्यम से 32 लाख 61 हजार की रकम ट्रांसफर करा दी। सदर बाजार थाना क्षेत्र के सेंट मरीज स्कूल के पास करियप्पा स्ट्रीट में तिलकराज नरूला का परिवार रहता हैं। सदर बाजार में नरूला दुपट्टा के नाम से उनकी कपड़े की दुकान है। 27 फरवरी को उनके मोबाइल नंबर पर एक काल आई। कालर ने कहा कि उनके आधार कार्ड पर मुंबई में एक सिम खरीदा गया है। उक्त मोबाइल नंबर से पोर्न वीडियो बनाकर लड़कियों को ब्लैकमेल किया जा रहा है।

तिलकराज नरूला को बताया कि आपको कमीशन के 25 लाख रुपये मिल चुके हैं। दोपहर को करीब 12 बजे साइबर ठगों ने फर्जी मुंबई हाईकोर्ट के जज से वीडियो काल पर पेशी कराई। उन्होंने तर्क दिया कि आपकी उम्र 80 साल होने की वजह से फीजिकल कस्टडी से मुक्त किया जाता है। सात दिनों तक तुमको सर्विलांस पर रखा जाएगा। ताकि सभी बैंक खातों की जांच की जा सके। दूसरे दिन काल आया कि जमानत के तौर पर 32.61 लाख की रकम जमा करो। उसके लिए इंडस बैंक मलांट मुंबई का खाता नंबर दिया।पीडिष्त ने कैनरा बैंक से अपनी पांच एफडी तुड़वाकर उक्त रकम की आइटीजीएस करवा दी। उसके बाद उन्हें साइबर ठगी का पता चला। पीड़ित ने साइबर थाने में एफआइआर दर्ज कराई। एसपी क्राइम अवनीश कुमार का कहना है कि मामले में विवेचना की जा रही है। रोहटा रोड स्थित गाडविन गोल्डकस्ट कालोनी निवासी रिटायर्ड बैंक मैनेजर अनिल कुमार मित्तल से भी 68 लाख की ठगी की गई।

# संत गाडगे सिर्फ संत ही नहीं बल्कि समाज के प्रदर्शक है- अंगद सिंह

बाराबंकी(आरएनएस )। संत गाडगे सेवा समिति एवं अखिल भारतीय धोबी महासंघ के तत्वावधान में नगर पालिका परिषद के सभागार में राष्ट्र संत गाडगे जी महाराज की 150वीं जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। इस जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य अंगद कुमार सिंह ने संबोधित किया वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर दिल्ली विश्वविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर हरिशचंद्रा, अखिल भारतीय धोबी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राकेश कनौजिया, सेवानिवृत्ति चिकित्सा अधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी एवं मुख्य वक्ता के रूप में समाजसेवी रत्नेश कुमार, डॉ भीमराव अंबेडकर मेमोरियल सेवा समिति के महासचिव राम औतार ने सभा को संबोधित किया। सबसे पहले महापुरुषों– राष्ट्र संत गाडगे जी, डॉक्टर भीमराव अंबेडकर एवं तथागत गौतम बुद्ध के चित्र पर दीपांजलि और पुष्पांजलि की गई तथा बुद्ध वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर एमएलसी अंगद कुमार सिंह ने कहा कि हमारे संत सिर्फ संत ही नहीं बल्कि जिन्होंने समाज के प्रदर्शक और हमारे आराध्य भगवान हैं। संत गाडगे का स्वच्छता सन्देश देश की सरकार का मुख्य ध्येय है। सन्त गाडगे ने अनेको शिक्षण संस्थाएं खोलकर समाज को शिक्षित करने का जो कार्य किया है, उसे आगे बढाने का दायित्व हम सभी को निर्वहन करना चाहिए। मुख्य वक्ता रत्नेश कुमार ने कहा कि सन्त गाडगे जी कोई औपचारिक शिक्षा नही प्राप्त कर पाए, कोई धन संपदा नही थी फिर भी दृढ़ संकल्प से उन्होंने सौ से अधिक शिक्षण संस्थाए संचालित किया, वे डॉ अम्बेडकर के संघर्षों उनके विचारों से प्रभावित ही नही बल्कि उन्हें सलाह देते थे। आज समाज में शिक्षा का स्तर बढा है फिर भी उनके आदर्शों पर चलकर उनके अनुयायी शिक्षण संस्थाएं नही संचालित कर पा रहे हैं। यह विचारणीय प्रश्न है। रत्नेश कुमार ने आगे कहा कि आज समस्या यह है कि समाज का हर क्रांतिकारी अपने को सबसे बड़ा क्रांतिकारी और दूसरे को तुच्छ क्रांतिकारी समझता है अनुसूचित जातियों की यह छोटी सी बौद्धिक जमात आपस मैँ ही एक दूसरे से बड़ा सिद्धांतवादी और क्रांतिकारी साबित करने मैँ लगा हुआ है। मैं ऐसे लोगों से कहना चाहता हूँ कि जनाब जिस दिन आप कार्यकर्ता बनकर लोगो के लिए दरी बिछाना शुरू कर देंगे स्थितिया जरूर बदलेंगी। दिल्ली विश्वविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर हरिशचंद्रा ने संविधान निर्माण के उन पहलुओं को विस्तार से रखा जिसमें समता, समानता एवं बंधुत्व के लिए बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने संघर्ष किया था। संविधान निर्माण में संविधान सभा के लोगों के योगदान का भी उल्लेख किया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध नेत्र सर्जन डॉ विवेक वर्मा, डॉ0 नेवल किशोर सहित एक दर्जन लोगों ने सम्बोधित किया। लोक गायक जमुना प्रसाद कनौजिया की टीम द्वारा संत गाडगे के जीवन पर आधारित गीत एवं कठपुतली कार्यक्रम प्रस्तुत किये। अतिथियों का स्वागत व सम्मान समिति के अध्यक्ष राजेंद्र कनौजिया, सचिव मंशाराम कनौजिया, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र वीर विक्रम सिंह, सुधा कनौजिया, सरस्वती कनौजिया, राम प्रगट कनौजिया, राघवेंद्र सुमन, सिद्धार्थ कनौजिया आदि पदाधिकरियों ने किया।

# आईआईएमटी में पिटाई मामले में नया मोड़, छात्र बोला- मैं कोई कार्रवाई नहीं चाहता

मेरठ आईआईएमटी यूनिवर्सिटी में एक मुस्लिम छात्र को दौड़ाकर पीटने के मामले में समझौता हो गया है। पीड़ित छात्र ने रविवार को वीडियो जारी कर मारपीट की घटना से इन्कार करते हुए इस मामले में कोई कार्रवाई न करने की बात कही है।छात्र मोहम्मद सावेज ने बताया कि वह हॉस्टल में रहते हैं और विवि अंदर जा रहे थे। कुर्ता पहनने के कारण गेट पर तैनात सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें रोका था। गार्ड ने शोर मचाया तभी गेट पर मौजूद होली खेल रहे छात्र पीछे दौड़ पड़े। छात्र ने कहा कि होली खेलने को लेकर दूसरे छात्रों से उसका कोई विवाद नहीं हुआ।विवि के डीएसडब्ल्यू डॉ. नीरज शर्मा ने भी बयान जारी किया। उन्होंने बताया कि छात्रों एवं यूनिवर्सिटी के गार्डों के साथ झगडा एवं कहासुनी हुई थी। इसी कारण भगदड़ जैसी वीडियो किसी ने वायरल कर दी थी। छात्रों एवं गार्डों में आपस में समझौता हो गया है। इसमें किसी प्रकार की कोई धार्मिक या व्यक्तिगत रंजिश का विवाद होना नहीं पाया गया है। यूनिवर्सिटी का आंतरिक मामला होने एवं दोनों पक्षों का समझौता हो जाने के कारण कोई भी पक्ष छात्र, गार्ड एवं यूनिवर्सिटी इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं चाहते हैं। वहीं सीओ सदर देहात सुधीर सिंह ने बताया बताया कि इस मामले छात्र की ओर से किसी प्रकार की लिखित शिकायत नहीं मिली है। सीसीएसयू के छात्र नेता विनीत चपराना ने कहा कि आईआईएमटी विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा छात्रों के बीच समझौता कराया जाना एक सराहनीय फैसला है। यह मामला छात्रों का आपसी मामला था।

# सोने की गुझिया, कीमत सवा लाख रुपये प्रति किलोग्राम

मेरठ। होली के त्योहार की पिचकारी और गुलाल की तरह गुझिया भी अपडेट हो गई हैं। अगर आप शाही अंदाज में अपनी होली मनाना चाहते हैं तो निश्चित ही सोने का पतरा चढ़ी गुझिया आपको लुभाएगी। यह खोया के साथ स्वर्ण भस्म के अनोखे स्वाद से सराबोर है। 4500 रुपये प्रति पीस कीमत में मिलने वाली इस गुझिया के लिए आपको प्री–ऑर्डर करना होगा.अपने शहर में एक–दो तरह की नहीं पूरे 25 तरह की गुझियों का स्वाद ले सकते हैं। इनमें केसर, स्ट्राबेरी, चाकलेट, बादाम, हरियाली गुजिया शामिल हैं। यूं तो मावा के साथ ड्राइफ्रूट की फिलिंग वाली परंपरागत गुझियों के शौकीनों की संख्या अच्छी खासी है लेकिन बच्चों को हर चीज में नयापन चाहिए।यह गुझिया यहां उपलब्धतेजगढ़ी और दिल्ली रोड स्थित बंगाल स्वीट हाउस में यह गुझिया उपलब्ध है। प्रतिष्ठान के संचालक समीर थापर ने बताया कि यह गुझिया सवा लाख रुपये प्रति किलोग्राम है। एक किग्रा में 30 से 35 पीस आते हैं। एक गुझिया का रेट लगभग 4500 रुपयेएक गुझिया का रेट लगभग 4500 रुपये है। इसमें खोया के साथ स्वर्ण भस्म भी मिश्रित किया गया है। बताया कि उन्होंने 25 प्रकार की गुजिया तैयार की हैं। इन प्रीमियम गुझिया के दाम 1350 से 26 सौ रुपये प्रति किग्रा है।

# सखी वन स्टाप सेंटर का सचिव ने किया निरीक्षण

चित्रकूट। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश शेषमणि शुक्ला के निर्देशन में सचिव इला चौधरी ने सखी वन स्टाप सेण्टर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सखी वन स्टाप सेण्टर में कोई भी बालिका नही पायी गयी। प्रभारी अधीक्षिका ने अवगत कराया कि आज एक बालिका बाल कल्याण समिति के आदेशानुसार उसके परिजनों को सुपुर्द करने के लिए वन स्टाप सेण्टर से भेजी गयी है। सचिव द्वारा किशोरियों को मिल रही सुबिधाओं उनके स्वास्थ्य, शिक्षा और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुये उनके सर्वांगीण विकास के लिये प्रभारी अधीक्षिका एवं अन्य स्टाफ को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। सचिव द्वारा बताया गया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की प्राथमिकता है कि समाज के कमजोर वर्गों, विशेषकर महिलाओं एवं बच्चों को न्याय एवं सम्मानपूर्वक जीवन जीवन जीने का अधिकार मिले। वन स्टाप सेंटर में परामर्श सेवाएं सुचारू रूप से संचालित हो रही हैं तथा हितग्राहियों को निःशुल्क विधिक सलाह प्रदान की जा रही है। स्टाफ सदस्यों द्वारा सरकारी योजनाओं जैसे पीएम जनमानस योजना, विधिक सेवा प्राधिकरण की जागरूकता शिविरों तथा न्यायिक प्रक्रियाओं के संबंध में प्रभावी सहायता दी जा रही है।

# एसपी ने सुनी फरियादियों की समस्याएं, दिए निर्देश

चित्रकूट। एसपी अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में थाना कोतवाली में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। उन्होंने समस्याओं के निस्तारण रजिस्टर का परीक्षण करते हुए निस्तारण आख्या को देखकर सम्बन्धित को निर्देश दिए कि जिन समस्याओं का निस्तारण किया जाता है उन समस्याओं के निस्तारण से समस्याग्रस्त व्यक्ति को भी अवगत कराया जाए। समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतती पत्रों के सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि शासन द्वारा निर्धारित समयसीमा के अंदर त्वरित निस्तारण शासन की मंशा के अनुरूप व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। साथ ही कहा कि थाना पुलिस राजस्व विभाग से समन्वय स्थापित कर संयुक्त टीम के साथ भूमि सम्बन्धी मामलों को प्राथमिकता के साथ निस्तारित कराए। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली कर्वी का निरीक्षण किया।

# छापेमारी कर खाद्य टीम ने भरे सैम्पल

चित्रकूट। सहायक आयुक्त खाद्य शशांक त्रिपाठी के निर्देश पर होली पर्व विशेष अभियान अन्तर्गत शनिवार को जनपद में खाद्य सुरक्षा विगाग की टीम ने कुल चार नमूने जाँच के लिए संग्रहित किये। बताया गया कि सूरसेन राजापुर स्थित खाद्य प्रतिष्ठान प्रो सुरेश प्रसाद से पनीर का नमूना, सरधुवा राजापुर स्थित खाद्य प्रतिष्ठान प्रो तरून कुमार से खोवा, कर्वी स्थित खाद्य प्रतिष्ठान काममिगरि होटल एण्ड रेस्टोरेण्ट प्रो हुबलाल से दूध की बर्फी, कर्वी स्थित खाद्य प्रतिष्ठान काजल स्वीट् हाउस प्रो दुर्गेश केशरवानी से दूध की बर्फी का सैम्पल संग्रहित किया गया। मोदनवाल स्वीट हाउस प्रो मनोज कुमार मोदनवाल से पेड़ा का सैम्पल लेकर जांच को भेजा है। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी रत्नाकर सिंह, विनय कुमार मौजूद रहे।

# युवक ने फांसी लगा की खुदकुशी

चित्रकूट। कर्वी कोतवाली क्षेत्र के सभापुर बराछ निवासी ललित (20) पुत्र स्व शिवऔतार ने अज्ञात कारणों के चलते घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से परिजनो में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया है। मृतक के भाई दिलीप ने बताया कि शुक्रवार को सवेरे घर में ताला लगाकर खेत गए थे। वापस घर आए। जहां उसका शव लटका मिला। बताया कि पीछे की ओर से खपरैल टूटा था। जहां से वह अंदर घुसा होगा। मृतक चार भाईयो में तीसरे नंबर का था। एक छोटी बहन है। मां चंदा देवी का रो–रोकर बुरा हाल है।

# दुल्हेंडी पर नमो भारत और मेट्रो ट्रेन के समय में बदलाव, जान लें कितने बजे से होगा संचालन

मेरठरू होली के रंगोत्सव को ध्यान में रखते हुए 4 मार्च को नमो भारत और मेरठ मेट्रो की सेवाएं नियमित समय से कुछ घंटे देरी से शुरू होंगी। यात्रियों की सुविधा और त्योहार के उल्लास को बनाए रखने के लिए यह निर्णय लिया गया है।एनसीआरटीसी (छब्त्ज्ब) द्वारा जारी सूचना के अनुसार, दुल्हेंडी के दिन यानी 4 मार्च को नमो भारत और मेरठ मेट्रो की सेवाएं सुबह 6 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक निलंबित रहेंगी। यह निर्णय होली के त्योहार के दौरान होने वाले रंग खेलने के कार्यक्रम को देखते हुए लिया गया है। पूरे दिन रंगोत्सव के माहौल के कारण, इन मेट्रो सेवाओं को शाम 5 बजे से पुनः शुरू किया जाएगा और यह रात 10 बजे तक जारी रहेंगी।सामान्य संचालन समय में बदलाव नहींहालांकि, होली के दिन सेवाओं में यह अस्थायी विलंब किया गया है,।

# एक युग पुरुष और सेवा समर्पण का अंत, आज होगा डा. जैन का अंतिम संस्कार

चित्रकूट। संत रणछोड़ दास द्वारा स्थापित श्री सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं सदगुरु नेत्र चिकित्सालय के निदेशक पद्मश्री डॉ बुधेन कुमार जैन ने 27 फरवरी को लगभग शाम 4 बजे चित्रकूट की पावन धरती पर अंतिम सांस ली। उनके परलोक गमन से शोक की लहर है। अंतिम दर्शन के लिए शुभचिंतकों का तांता लगा रहा। लोगों का कहना था कि एक युग पुरुष और सेवा समर्पण का अंत हो गया। आज रविवार को सुबह 10 बजे नेत्र चिकित्सालय परिसर में डॉ जैन का अंतिम संस्कार होगा। बता दे कि डॉ जैन 1974 से सदगुरु नेत्र चिकित्सालय से जुड़े और लगभग 52 वर्षों तक गरीब और जरूरतमंद लोगों की आंखों की रोशनी लौटाने का काम किया। लगभग 17 लाख लोगों को उन्होंने आंखों की रोशनी देने का काम किया है। 1948 में जन्मे डॉ जैन की प्रारंभिक शिक्षा शासकीय विद्यालय व्यंकट क्रमांक सतना में हुई। इसके बाद 1968 से 1973 तक एस एस मेडिकल कॉलेज रीवा से हुई। 1977 से 1979 तक पीजी की शिक्षा उन्होंने मुंबई से प्राप्त की थी। नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में सेवा कार्य के लिए विगत पांच दशकों में वह पद्मश्री से लेकर कई राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय एवं राजकीय पुरस्कार से सम्मानित हो चुके हैं। उन्होंने मरणोपरांत अपने नेत्र भी दान किए हैं।

# कुलपति ने अंतिम दर्शन कर दी श्रद्धांजलि

चित्रकूट। प्रख्यात नेत्र चिकित्सक पद्मश्री डॉ. बीके जैन के निधन पर महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. आलोक चौबे ने गहरा शोक व्यक्त किया है। जानकीकुंड चिकित्सालय के गहन चिकित्सा कक्ष में जाकर डॉ जैन के अंतिम दर्शन उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि चित्रकूट अंचल ही नहीं अपितु संपूर्ण राष्ट्र के लिए अपूरणीय क्षति है। वे केवल एक उत्.ष्ट नेत्र विशेषज्ञ ही नहीं थे, बल्कि सेवा, संवेदना और समर्पण की सजीव प्रतिमूर्ति थे। उनकी सेवा साधना से परिपूर्ण जीवन समाज को निरंतर प्रेरित करता रहेगा।

# कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में लगी सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन

चित्रकूट। प्रदेश सरकार एवं समग्र शिक्षा अभियान के निर्देशों के क्रम में जनपद के समस्त कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में छात्राओं की स्वास्थ्य सुरक्षा, स्वच्छता जागरूकता एवं गरिमामय शैक्षिक वातावरण सुनिश्चित करने के लिए सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन स्थापित किया गया है। शासनादेश के अनुपालन में प्रत्येक विद्यालय में निर्धारित स्पेसिफिकेशन के अनुसार ब्रांडेड एवं इको फ्रेंडली सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन की स्थापना सुनिश्चित की जाएगी। मशीन की क्षमता, गुणवत्ता एवं तकनीकी मानकों का विशेष ध्यान रखा गया है। डीएम के निर्देशन में जनपद स्तर पर मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में क्रय समिति द्वारा पारदर्शी एवं वित्तीय नियमों के अनुरूप मशीनों की क्रय प्रक्रिया पूर्ण की किया गया है। निर्देशित किया गया है कि मशीनें विद्यालयों के बालिका शौचालयों में गोपनीयता एवं सुरक्षा मानकों के अनुरूप भौतिक सत्यापन के उपरांत स्थापित किया गया है। विद्यालय स्तर पर माहवारी स्वच्छता प्रबंधन क्लब का गठन किया जाएगा। जिसके माध्यम से छात्राओं को मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा तथा मशीनों के नियमित उपयोग एवं रखरखाव की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि समस्त कार्यवाही समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्ता मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जाए। जिससे छात्राओं को सुरक्षित एवं सम्मानजनक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। यह पहल बालिकाओं के स्वास्थ्य संरक्षण, ड्रॉप आउट दर में कमी तथा विद्यालयों में सकारात्मक एवं समावेशी वातावरण के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# 15 मार्च तक फार्मर रजिस्ट्री कार्य पूरा न होने पर डीएम ने कार्रवाई की दी चेतावनी

चित्रकूट। डीएम पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में फार्मर रजिस्ट्री कार्य की प्रगति की समीक्षा के लिए महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। उन्होंने जनपद में किसानों के पंजीकरण की धीमी गति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को सख्त दिशा निर्देश जारी किए।बैठक के दौरान उप .षि निदेशक द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में कुल 1,37,349 फार्मर रजिस्ट्री के लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 93,993 रजिस्ट्री का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। डीएम ने फार्मर रजिस्ट्री के अवशेष कार्यों को प्रत्येक दशा में 15 मार्च तक शत प्रतिशत पूर्ण करना सुनिश्चित करें। निर्धारित समयसीमा के भीतर लक्ष्य प्राप्त न होने की स्थिति में संबंधित लेखपालों एवं उत्तरदायी कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उप .षि निदेशक को निर्देशित किया कि पोर्टल या पंजीकरण प्रक्रिया में आ रही किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या का तत्काल संज्ञान लेकर उसका स्थायी निस्तारण कराएं। ताकि डेटा फीडिंग के कार्य में कोई व्यवधान उत्पन्न न हो। समीक्षा बैठक में सीडीओ डीपी पाल, एडीएम चन्द्रशेखर, एसडीएम, तहसीलदार एवं लेखपाल उपस्थित रहे।

# सीडीओ ने प्रेरणा कैंटीन का किया उद्घाटन

चित्रकूट। सीडीओ डीपी पाल ने संयुक्त जिला चिकित्सालय में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूह की महिलाओ द्वारा संचालित प्रेरणा मिलेट्स कैंटीन का उद्घाटन किया। कैंटीन में नाश्ते में मिलेट्स उत्पाद बनाये जायेंगे। जिसका फायदा चिकित्सालय में आये मरीजों एवं अन्य समस्त नागरिकों को मिल सकेगा। उद्घाटन समारोह के दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एवं समूह की महिलाएं मौजूद रहे।

# दो प्राईवेट हास्पिटल के पंजीकरण निरस्त

चित्रकूट। सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी ने बताया कि कार्यालय द्वारा जारी नोटिस का स्पष्टीकरण न दिये जाने एवं चिकित्सालय की जा रही लापरवाही के चलते 19 फरवरी को एमएस पटेल हास्पिटल सोनेपुर रोड कर्वी का पंजीकरण जनहित में निरस्त कर दिया गया है। जीवन वर्षा हास्पिटल पहाडी रोड कर्वी में प्रशिक्षित स्टॉफ न होने के कारण पंजीकरण निरस्त कर दिया गया है। नारायण हास्पिटल पाण्डेय पुरवा कमासिन रोड राजापुर में औचक निरीक्षण किया गया। जिसका पंजीकरण नही मिला। जिससे चिकित्सालय को कारण बताओ नोटिस जारी की गयी है।

# ट्रैक्टर की टक्कर से दो छात्रों की मौत

चित्रकूट। बाइक से परीक्षा देकर लौट रहे इंटर के दो छात्रों की ट्रैक्टर की टक्कर से मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया है।ये दर्दनाक हादसा मऊ थाना क्षेत्र के छिवलहा गांव के समीप बीती शाम हुआ। बताया गया कि औझर गांव के विजय पाल (18) पुत्र सुरेश व बसरेही गांव निवासी सूरज निषाद (18) पुत्र रामखेलावन बाइक से शंकरगढ़ की ओर से परीक्षा देकर वापस आ रहे थे। इसी बीच ट्रैक्टर की टक्कर से दोनो गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

# इस ओडीआई सीरीज में खेलते हुए दिखेंगे रोहित-विराट



भारत ने अब तक अफगानिस्तान के खिलाफ कई बार आईसीसी टूर्नामेंट और एशिया कप जैसे बड़े मंचों पर वनडे मुकाबले खेले हैं, लेकिन दोनों देशों के बीच आज तक कोई भी द्विपक्षीय वनडे सीरीज नहीं खेली गई है। यही कारण है कि जून 2026 में होने वाली ये तीन मैचों की वनडे सीरीज इतिहास में पहली बार दर्ज होगी। टी20 वर्ल्ड कप 2026 के बाद टीम इंडिया जून महीने में अपने घर पर एक नई चुनौती के लिए तैयार होगी। टीम इंडिया आईपीएल 2026 के बाद जून महीने में अपने घर पर क नई चुनौती के लिए तैयार होगी। इस बार टीम इंडिया का मुकाबला अफगानिस्तान ` होने जा रहा है जो कई मायने में खास होने वाला है। इस सीरीज में रोहित शर्मा और विराट कोहली खेलते हुए दिखेंगे। टीम इंडिया ने अब तक अफगानिस्तान के खिलाफ कई बार आईसीसी टूर्नामेंट और एशिया कप जैसे बड़े मंचों पर वनडे मुकाबले खेले हैं, लेकिन दोनों देशों के बीच आज तक कोई भी द्विपक्षीय वनडे सीरीज नहीं खेली गई है। यही कारण है कि जून 2026 में होने वाली ये तीन मैचों की वनडे सीरीज इतिहास में पहली बार दर्ज होगी। वहीं इस दौरान एकमात्र टेस्ट मैच भी खेला जाएगा। न्यू चंडीगढ़ में 6 जून से 10 जून के बीत दोनों टीमें आमने–सामने होंगी। भारत और अफगानिस्तान के बीच ये सिर्फ दूसरा टेस्ट मुकाबला होगा। इससे पहले दोनों टीमों के बीच सिर्फ एक ही टेस्ट खेला गया था, जो साल 2018 में हुआ था। यही नहीं 2018 का ये टेस्ट अफगानिस्तान क्रिकेट इतिहास का पहला टेस्ट भी था। इस टेस्ट मैच के बाद दोनों के बीच 14 जून सेऐतिहासिक वनडे सीरीज भी खेली जाएगी। जिसकापहला मुकाबला धर्मशाला में खेला जाएगा, जबकि दूसरा मैच लखनऊ में और तीसरा मुकाबला चेन्नई में आयोजित होगा। ये सीरीज अफगानिस्तान टीम के लिए बड़ी परीक्षा साबित हो सकती है। इसका कारण है कि अफगानिस्तान को दुनिया की मजबूत टीमों में से एक भारत के खिलाफ उसकी सरजमीं पर खेलने का मौका मिलेगा।

# भारत के सेमीफाइनल में पहुंचने पर तिलमिलाया ये पाकिस्तानी खिलाड़ी, उगला जहर

अब एक बार फिर मोहम्मद आमिर का रिएक्शन सामने आया है। इस बार भी उन्होंने भारत के खिलाफ जहर ही उगला है। उन्होंने कहा कि टीम इंडिया अच्छा क्रिकेट नहीं खेल रही है इसके अलावा आमिर ने टीम की फील्डिंग पर भी सवाल खड़े करे। हालांकि, उन्होंने संजू सैमसन की जमकर तारीफ की है।टी20 वर्ल्ड कप 2026 में पाकिस्तान क्रिकेट टीम खराब प्रदर्शन के चलते बाहर हो चुकी है। लेकिन उनके खिलाड़ी अभी भी अपनी हरकतों और बयानों से बाज नहीं आ रहे हैं। भारत के सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर को मुंह की खानी पड़ी। दरअसल, आमिर ने कहा था कि भारतीय टीम सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं करेगी, लेकिन इसके बिल्कुल उलट हुआ। संजू सैमसन की बेहतरीन पारी के दम पर भारत ने सुपर–8 मैच में वेस्टइंडीज को हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली है।वहीं अब एक बार फिर मोहम्मद आमिर का रिएक्शन सामने आया है। इस बार भी उन्होंने भारत के खिलाफ जहर ही उगला है। उन्होंने कहा कि टीम इंडिया अच्छा क्रिकेट नहीं खेल रही है इसके अलावा आमिर ने टीम की फील्डिंग पर भी सवाल खड़े करे। हालांकि, उन्होंने संजू सैमसन की जमकर तारीफ की है। एक कार्यक्रम में बात करते हुए आमिर ने कहा कि संजू सैमसन ने अपनी जिंदगी की सबसे बेस्ट पारी



खेली। मैंने उनकी आईपीएल की और बाकी पारियां देखी हैं लेकिन करो या मरो के मैच में ये खास पारी थी। संजू ने 196 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 50 गेंदों में 97 रन की नाबाद पारी खेली। उस समय दबाव काफी था मैदान पर 65 हजार से ज्यादा दर्शक मौजूद थे। आमिर ने कहा कि एक पारी टीम की कमियां नहीं छुपा सकती है। उन्होंने कहा कि क्रिकेट के नजरिए से देखा जाए तो टीम इंडिया अच्छा क्रिकेट नहीं खेल रही है। फील्डिंग देखिए उनकी, तीन–चार कैच छोड़े गए।

# खराब फार्म से उबरने के लिए संजू सैमसन ने किया ये काम, खुद किया बड़ा खुलासा

संजू सैमसन ने बीते रविवार को कोलकाता के ईडन गार्डन में खेले गए सुपर–8 के मैच में 50 गेंदों में 97 रन की पारी खेली जिसमें उन्होंने 12 चौके और 4 छक्के भी जड़े। संजू को सुपर 8 के पहले मैच साउथ अफ्रीका से भारत की करारी हार के बाद टीम की प्लेइंग इलेवन में शामिल किया गया था।भारत के सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन ने टी20 वर्ल्ड कप के सुपर–8 मुकाबले में वेस्टइंडीज के खिलाफ बेहतरीन पारी खेली। उनकी इस पारी की बदौलत टीम इंडिया सेमीफाइनल में पहुंच गई है। वहीं जीत के बाद संजू ने बताया कि उन्होंने अपनी खराब फॉर्म से उबरने के लिए मोबाइल फोन से तौबा कर लिया। सोशल मीडिया से भी दूरी बना ली। दरअसल, संजू सैमसन ने बीते रविवार को कोलकाता के ईडन गार्डन में खेले गए सुपर–8 के मैच में 50 गेंदों में 97 रन की पारी खेली जिसमें उन्होंने 12 चौके और 4 छक्के भी जड़े। संजू को सुपर 8 के पहले मैच साउथ अफ्रीका से भारत की करारी हार के बाद टीम की प्लेइंग इलेवन में शामिल किया गया



था। वहीं सैमसन ने जीत के बाद स्टार स्पोर्ट्स से कहा कि, मैंने अपने शॉट चयन पर लगातार काम किया। मैं बहुत ज्यादा बदलाव नहीं करना चहता था क्योंकि मुझे पता था कि मैंने उसी तरह से खेलते हुए पहले अच्छा प्रदर्शन किया है। इसलिए मैंने खुद पर भरोसा बनाए रखा, अपना फोन बंद कर दिया, सोशल मीडिया से दूरी बनाई और अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनी। मुझे खुशी है कि मैंने एक ऐसे मैच में अच्छा प्रदर्शन किया जो बहुत खास था। साथ ही उन्होंने कहा कि, थोड़ा मुश्किल लक्ष्य था। हमारी बल्लेबाजी की मजबूती को देखते हुए मुझे लग रहा था कि ईडन गार्डन्स में ओस पड़ने पर 196 रन के लक्ष्य का पीछा करना थोड़ा आसान हो जाएगा लेकिन नियमित अंतराल पर विकेट गिरने से ये चुनौतीपूर्ण हो गया। सैमसन ने आगे कहा कि, आप हमेशा ऐसा प्रदर्शन करना चाहते हैं लेकिन हमेशा ऐसा नहीं होता है। इसलिए मुझे खुशी है कि इस मैच में मैंने अच्छा प्रदर्शन किया। जब आप दबाव वाली परिस्थितियों में लक्ष्य का पीछा कर रहे होते हैं तो आप अलग–अलग विकल्प अपनाते हैं और जोखिम भरे विकल्पों पर विचार करने के बजाय ज्यादा बाउंड्री लगाते हैं।

# संजू सैमसन का धमाल, सौरव गांगुली बोले- उसे वाइट वाल टीम में रखो

पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने टी20 विश्व कप 2026 के अहम मुकाबले में वेस्टइंडीज के



खिलाफ संजू सैमसन की 97' रनों की मैच जिताऊ पारी की सराहना की है। गांगुली ने सैमसन को एक बेहतरीन खिलाड़ी बताते हुए कहा कि उन्हें लगातार भारत के लिए व्हाइट बॉल क्रिकेट में मौके मिलने चाहिए। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और बंगाल क्रिकेट एसोसिएशन (सीएबी) के वर्तमान अध्यक्ष सौरव गांगुली ने संजू सैमसन की मैच जिताने वाली 97' रनों की पारी को शानदार बताया और उन्हें बेहतरीन खिलाड़ी कहा। विकेटकीपर–बल्लेबाज सैमसन की इस पारी की बदौलत भारत ने वेस्टइंडीज को करो या मरो के सुपर 8 मुकाबले में हराकर टी20 विश्व कप 2026 के सेमीफाइनल में जगह बनाई। संजू सैमसन ने 50 गेंदों पर नाबाद 97 रन बनाकर भारत को 196 रनों के प्रतिस्पर्धी लक्ष्य का पीछा करने में मदद की और सूर्यकुमार यादव की टीम को मौजूदा विश्व कप के करो या मरो के मुकाबले में पांच विकेट से जीत दिलाई। पत्रकारों से बात करते हुए गांगुली ने सैमसन की प्रशंसा की और कहा कि वह एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं और उन्हें भारत के लिए लगातार टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में खेलना चाहिए। गांगुली ने कहा कि शानदार। वह बहुत अच्छा खिलाड़ी है। उसे लगातार भारत के लिए श्वेत गेंद क्रिकेट खेलना चाहिए। गौरतलब है कि सुपर 8 अंक तालिका में बराबरी पर चल रही भारत और वेस्टइंडीज दोनों को टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के साथ जगह बनाने के लिए कोलकाता में होने वाला मैच जीतना जरूरी था। इस जीत के साथ भारत ने 5 मार्च को इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में जगह बना ली। गांगुली ने कहा कि भारत बनाम वेस्टइंडीज का मुकाबला एक तरह से क्वार्टरफाइनल था और उन्होंने सैमसन की नाबाद 97 रनों की पारी की तारीफ करते हुए कहा कि जब वह लय में आ जाते हैं, तो विपक्षी टीम को गंभीर नुकसान पहुंचा सकते हैं और उन्होंने मैच की स्थिति को बखूबी समझा। गांगुली ने आगे कहा कि जब वह लय में आ जाते हैं, तो विपक्षी टीम को भारी नुकसान पहुंचाते हैं। उन्होंने स्थिति के अनुसार खेला, जो महत्वपूर्ण है। पूर्व भारतीय क्रिकेटर ने सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ भारत के मैच पर बोलते हुए कहा कि वेस्टइंडीज की तुलना में वेस्टइंडीज एक मजबूत प्रतिद्वंद्वी साबित होगी। मैच की बात करें तो, भारत ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। रोस्टन चेज (25 गेंदों में 40 रन, पांच चौके और एक छक्का) और कप्तान शाई होप (33 गेंदों में 32 रन, तीन चौके और एक छक्का) ने पहले विकेट के लिए 68 रनों की सलामी साझेदारी की, लेकिन शिमरोन हेटमायर (12 गेंदों में 27 रन, एक चौका और दो छक्के) की तूफानी पारी के बावजूद वेस्ट इंडीज 14.1 ओवर में 119/4 पर सिमट गया।

# पाकिस्तान टीम में बड़ी सर्जरी शुरू! टी 20 में खराब प्रदर्शन पर पीसीबी ने लगाया 50 लाख का फाइन

टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने में नाकाम रहने पर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने खिलाड़ियों पर 50–50 लाख रुपये का भारी जुर्माना लगाया है। यह फैसला टीम के निराशाजनक प्रदर्शन, विशेषकर भारत के खिलाफ मिली हार के बाद लिया गया, जो पाकिस्तानी क्रिकेट में बड़े सुधारों की आवश्यकता को दर्शाता है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में न पहुंच पाने के बाद राष्ट्रीय टीम के सदस्यों पर भारी जुर्माना लगाया है। प्रत्येक खिलाड़ी पर 50 लाख पाकिस्तानी कोरो (लगभग 16.28 लाख रुपये) का जुर्माना लगाया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह फैसला पाकिस्तान की भारत से ग्रुप चरण में मिली हार के बाद लिया गया है, जिससे टूर्नामेंट में क्वालीफाई करने की उनकी उम्मीदों को काफी झटका लगा है। पाकिस्तानी क्रिकेट टीम ने पिछले कुछ आईसीसी टूर्नामेंटों में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी), जिसके अध्यक्ष मोहसिन नकवी हैं, ने अब कड़ा रुख अपनाने का फैसला किया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, यह निर्णय टीम के टूर्नामेंट से बाहर होने से काफी पहले ही ले लिया गया था – जब वे अपने ग्रुप मैच



में भारत से हार गए थे। 2024 में अमेरिका और वेस्ट इंडीज में आयोजित पिछले टी20 विश्व कप में, पाकिस्तान अमेरिका जैसी कमजोर टीम और अपने कट्टर प्रतिद्वंद्वी भारत से हारने के बाद सुपर 8 में भी जगह बनाने में नाकाम रहा था। इसके बाद, पाकिस्तानी खिलाड़ियों के बीच अनबन और व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं को टीम के लक्ष्यों से ऊपर रखने की खबरों पर प्रतिक्रिया देते हुए, नकवी ने टीम में सुधार का वादा किया था। दो साल बीतने के बाद भी पाकिस्तानी क्रिकेट टीम में कोई बदलाव नहीं आया है। पिछले महीने अपने ग्रुप मैच में वे एक बार फिर भारत से हार गए। नीदरलैंड्स के खिलाफ उन्होंने बड़ी मुश्किल से जीत हासिल की। घ्हालांकि वे सुपर 8 में पहुंच गए, लेकिन वहां वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाए और परिणामस्वरूप सेमीफाइनल में जगह बनाने में असफल रहे। श्रीलंका के खिलाफ अपने आखिरी सुपर 8 मैच में, 212 रन बनाने के बाद, सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए उन्हें श्रीलंका को 147 रन या उससे कम पर रोकना था। इतना ही नहीं, वे बड़ी मुश्किल से सिर्फ पांच रन से मैच जीत पाए। अगर आखिरी ओवरों में बल्लेबाजों का लड़खड़ाना न होता, तो वे 20–30 रन और बना सकते थे। पाकिस्तान ने भले ही जीत के साथ अपना अभियान समाप्त किया हो, लेकिन टूर्नामेंट की समग्र कहानी निराशा से भरी रही है। सेमीफाइनल तक न पहुंच पाने से वैश्विक स्तर पर टीम के प्रदर्शन पर सवाल और भी बढ़ गए हैं।

# सोना-चांदी में विस्फोटक तेजी! चांदी 2.93 लाख के पार, सोना 1.68 लाख के करीबय युद्ध के डर से निवेशकों ने बनाया सुरक्षित ठिकाना

पश्चिम एशिया में बढ़ते सैन्य तनाव के बीच सुरक्षित निवेश के लिए मांग बढ़ने से सोमवार को वायदा कारोबार में सोना और चांदी की कीमतों में करीब चार प्रतिशत तक की तेज उछाल दर्ज की गई।इजराइल, अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते सैन्य तनाव और श्ऑपरेशन एपिक फ्यूरीश के कारण शेयर बाजारों में मचे हाहाकार के बीच कीमती ध ातुओं की चमक आसमान छू रही है। सोमवार को वायदा कारोबार (थ्नजनतमे डंतामज) में सोना और चांदी की कीमतों में 4 प्रतिशत तक का जोरदार उछाल दर्ज किया गया।पश्चिम एशिया में बढ़ते सैन्य तनाव के बीच सुरक्षित निवेश के लिए मांग बढ़ने से सोमवार को वायदा कारोबार में सोना और चांदी की कीमतों में करीब चार प्रतिशत तक की तेज उछाल दर्ज की गई। इस उछाल के बीच चांदी 2.93 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई जबकि सोना 1.68 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के करीब पहुंच गया। विश्लेषकों के मुताबिक, ईरान पर अमेरिका एवं इजराइल के समन्वित सैन्य हमलों और उनमें ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के मारे जाने के बाद क्षेत्र में तनाव बढ़ गया है।इसके जवाब में ईरान ने भी पश्चिम एशिया के कई देशों में ठिकानों पर मिसाइल हमले शुरू कर दिए हैं। इस परिस्थिति में निवेशकों ने जोखिम वाले निवेश से दूरी बनाकर सोना–चांदी की ओर रुख किया। मल्टी–कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर मई डिलीवरी वाली चांदी का वायदा भाव 10,508 रुपये यानी 3.72 प्रतिशत उछलकर 2,93,152 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया।वहीं, अप्रैल अनुबंध के लिए सोना 5,811 रुपये यानी 3.6 प्रतिशत बढ़कर 1,67,915 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के जिंस विश्लेषक मानव मोदी ने कहा कि पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के



बाद सुबह के कारोबार में सोना–चांदी के वायदा में तेजी और बढ़ गई।वैश्विक बाजार में भी कीमती धातुओं के वायदा कारोबार में तेजी का रुझान देखा गया। मई डिलीवरी के लिए कॉमेक्स चांदी वायदा चार डॉलर यानी 4.3 प्रतिशत बढ़कर 97.30 डॉलर प्रति औंस हो गया, जबकि सोना 161.8 डॉलर यानी 3.08 प्रतिशत चढ़कर 5,409.7 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। इंडसइंड सिक्योरिटीज के वरिष्ठ शोध विश्लेषक जिगर त्रिवेदी ने कहा, "इन हमलों से क्षेत्रीय अस्थिरता बढ़ी है और तेल–समृद्ध खाड़ी क्षेत्र में समुद्री यातायात प्रभावित हुआ है।ऐसे में सुरक्षित निवेश की मांग बढ़ने से सोना 5,400 डॉलर प्रति औंस के ऊपर पहुंच गया, जो एक महीने से अधि ाक का उच्च स्तर है।" त्रिवेदी ने कहा कि फरवरी में सोना लगातार सातवें महीने लाभ दर्ज करने में सफल रहा जो 1973 के बाद तेजी का सबसे लंबा दौर है।

# उत्तर प्रदेश बनेगा देश का अगला फ्रेंच फ्राई केंद्र, जलवायु परिवर्तन से आलू की गुणवत्ता में सुधार

जलवायु परिवर्तन के कारण उत्तर प्रदेश में आलू की गुणवत्ता में सुधार हो रहा है, जिससे यह राज्य देश का अगला प्रमुख फ्रेंच फ्राई प्रसंस्करण केंद्र बनने की राह पर है। कृषि कंपनी हाइफार्म के अनुसार, बढ़ते तापमान से आलू में ठोस तत्व की मात्रा बढ़ी है, जो इसे कुरकुरे फ्राइज के लिए आदर्श बनाता है। उत्तर प्रदेश अपनी बदलती जलवायु और बढ़ते तापमान के कारण आगामी वर्षों में देश के प्रमुख फ्रेंच फ्राई प्रसंस्करण केंद्र के रूप में उभर सकता है। गुजरात स्थित कृषि कारोबार कंपनी हाइफार्म ने राज्य की कृषि क्षमता में आ रहे इस सकारात्मक बदलाव पर भरोसा जताया है। हाइफार्म के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुंदरराजन एस ने पीटीआई– को दिए साक्षात्कार में कहा, ''पिछले छह–सात साल में उत्तर प्रदेश के आलू में 'ठोस तत्व' की मात्रा बढ़ी है। इसका मुख्य कारण क्षेत्र के तापमान में क्रमिक वृद्धि है।''उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आगामी तीन से पांच साल में उत्तर प्रदेश आलू प्रसंस्करण के क्षेत्र में एक नयी शक्ति बनकर उभरेगा। तकनीकी दृष्टि से, गुणवत्तापूर्ण फ्रेंच फ्राई के लिए आलू में शुष्क पदार्थ का अंश 20 से 24 प्रतिशत के बीच होना अनिवार्य है, जिससे वे कुरकुरे बने रहते हैं। उत्तर प्रदेश के आलू में यह स्तर पहले 17 प्रतिशत के आसपास था, जो अब बढ़कर 19–20 प्रतिशत तक पहुंच गया है।

# स्टोक मार्केट में हाहाकार,सेसेक्स मे 1000 अंक से ज्यादा टूटा

पश्चिम एशिया में ईरान–इजराइल तनाव गहराने से भारतीय शेयर बाजार में भारी गिरावट आई, जिससे सेंसेक्स 1,048 अंक लुढ़क गया। इस भू–राजनीतिक संकट के कारण कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल आया और बाजार में अस्थिरता (इंडिया टप्) भी 25: तक बढ़ गई।पश्चिमी एशिया में बढ़ते तनाव` बीच सोमवार को भारतीय शेयर सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए, लेकिन शुरुआती नुकसान से काफी हद तक उबर गए। सेंसेक्स 1,048.34 अंक या 1.29 प्रतिशत गिरकर 80,238.85 अंक पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 312.95 अंक या 1.24 प्रतिशत गिरकर 24,865.70 अंक पर बंद हुआ। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के अनुसंधान प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि इंडिया वीआईएक्स में मामूली वृद्धि हुई है, जो बाजार प्रतिभागियों के बीच बढ़ती अनिश्चितता और जोखिम से बचने की प्रवृत्ति का संकेत है। ाज बाजार बंद होने पर, बाजार में अस्थिरता दर्शाने वाला इंडिया वीआईएक्स 25 प्रतिशत तक बढ़ गया। अस्थिरता सूचकांक निकट भविष्य में बाजार की अस्थिरता की अपेक्षा का एक माप है। अस्थिरता को अक्सर कीमतों में परिवर्तन की दर और परिमाण के रूप में वर्णित किया जाता है, और वित्त में इसे अक्सर जोखिम के रूप में जाना जाता है। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 2,743.46 अंक यानी 3.37 प्रतिशत टूटकर 78,543.73 पर आ गया था। बाद में यह 1,048.34 अंक यानी 1.29 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80,238.85 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह, कारोबार के दौरान 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 575.15 अंक यानी 2.28 प्रतिशत का गोता लगाकर 24,603.50 अंक पर आ गया था। बाद में यह 312.95 अंक यानी 1.24 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,865.70 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में इंटरग्लोब एविएशन, लार्सन एंड टुब्रो, अदाणी पोर्ट्स, मारुति, एशियन पेंट्स और बजाज फिनसर्व के शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट आई।

# धुरंधर 2 का ट्रेलर 5 मार्च को होगा रिलीज? 19 मार्च को टाक्सिक से होगी मेगा बाक्स आफिस टक्कर

बॉलीवुड में इस समय दो बड़ी फिल्मों को लेकर जबरदस्त चर्चा है। एक तरफ रणवीर सिंह की बहुप्रतीक्षित फिल्म धुरंधर 2 है, तो दूसरी ओर साउथ सुपरस्टार यश की फिल्म टॉक्सिक। दोनों ही फिल्में 19 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही हैं, जिससे बॉक्स ऑफिस पर बड़ी टक्कर तय मानी जा रही है।रिपोर्ट्स के मुताबिक धुरंधर 2 का ट्रेलर 5 मार्च को रिलीज किया जा सकता है। हालांकि मेकर्स की ओर से अभी तक इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच उत्सुकता चरम पर है और ट्रेलर रिलीज डेट को लेकर सोशल मीडिया पर चर्चाएं तेज हैं।इस सीक्वल में रणवीर सिंह एक बार फिर हमजा के किरदार में नजर आएंगे। बताया जा रहा है कि इस बार कहानी हमजा के अतीत की परतें खोलेगी कि कैसे वह एक जासूस बना और किन हालातों ने उसकी जिंदगी की दिशा बदल दी। इस पार्ट में अक्षय खन्ना का किरदार नजर नहीं आएगा, जिससे कहानी की दिशा में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है।उधर यश की फिल्म श्टॉक्सिकत्र्य का ट्रेलर रिलीज हो चुका है और इसे दर्शकों से दमदार प्रतिक्रिया मिल रही है। भव्य सेट, एक्शन और बड़े पैमाने पर बनाई गई इस फिल्म को लेकर भी जबरदस्त बज बना हुआ है। चूंकि दोनों फिल्में एक ही दिन रिलीज हो रही हैं, ऐसे में बॉक्स ऑफिस पर कमाई को लेकर मुकाबला दिलचस्प होने वाला है। ट्रेड एनालिस्ट्स का मानना है कि ओपनिंग वीकेंड पर स्क्रीन काउंट और एडवांस बुकिंग का बड़ा असर देखने को मिल सकता है।श्धुरंधरत्र्य का पहला भाग दर्शकों के बीच आज भी लोकप्रिय है। फिल्म के गाने और डायलॉग सोशल मीडिया पर लगातार ट्रेंड करते रहते हैं। हाल ही में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के भारत दौरे के दौरान साझा किए गए एक वीडियो में भी फिल्म के गाने की झलक देखने को मिली थी, जिससे इसकी चर्चा और बढ़ गई।इसके अलावा जब श्धुरंधरत्र्य को नेटफ्लिक्स पर रिलीज किया गया, तो यह प्लेटफॉर्म पर ट्रेंडिंग लिस्ट में शामिल रही। डिजिटल सफलता के बाद अब इसके सीक्वल से भी बड़ी उम्मीदें लगाई जा रही हैं।19 मार्च को दर्शकों के पास दो बड़े विकल्प होंगे, एक तरफ जासूसी थ्रिलर का रोमांच, तो दूसरी ओर बड़े पैमाने की एक्शन एंटरटेनर। अब देखना दिलचस्प होगा कि दर्शक किस फिल्म को ज्यादा पसंद करते हैं और बॉक्स ऑफिस पर किसकी कमाई का ग्राफ ऊंचा जाता है।




# टाक्सिक में दमदार एक्टर सुदेव नायर की हुई एंट्री, देखें धांसू फर्स्ट लुक पोस्टर भी जारी

टॉक्सिक ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन–अप्स सिनेमाघरों में धूम मचाने के लिए तैयार है. रिलीज से पहले मेकर्स ने फिल्म के एक और किरदार से पर्दा हटाया है. साथ ही उस किरदार का फर्स्ट लुक पोस्टर भी जारी किया है. इतना ही नहीं, जब से फिल्म का टीजर सामने आया है, तब से लोगों के मन में सवाल उठ रहे हैं कि क्या फिल्म में यश डबल रोल निभा रहे हैं? अब इस सवाल का भी आधिकारिक जवाब आ गया है.केजीएफ स्टार यश ने टॉक्सिकरू ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन–अप्स से नए किरदार से पर्दा हटाया है. उन्होंने फिल्म से सुदेव नायर का फर्स्ट लुक जारी किया है. पोस्टर साझा करते हुए रॉकी भाई ने सुदेव के किरदार से परिचय कराते हुए कैप्शन में लिखा है, टॉक्सिकरू ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन–अप्स में सुदेव नायर को कर्मादी के रूप में पेश करते हैं. टॉक्सिक 19–03–2026 से दुनिया भर के सिनेमाघरों में.पोस्टर में सुदेव हाथ में मशीन गन थामे धांय–धांय गोलियां चलाते दिख रहे हैं. होंठ से सनग्लासेस को पकड़े वह काफी डैशिंग लग रहे हैं. उनके किरदार से ऐसा लग रहा है कि वह फिल्म में कॉप टीम के मेंबर हैं.सुदेव नायर के फर्स्ट लुक से पहले यश के लुक का ट्रांसफॉर्मेशन का वीडियो सामने आया. इस वीडियो को किसी और ने नहीं, बल्कि मशहूर सेलिब्रिटी हेयरस्टाइलिश एलेक्स विजयकांत ने शेयर किया है. इस वीडियो को साझा करते हुए कैप्शन में लिखा है, जब भरोसा सच्चा होता है, तो काम खुद बोलता है. इतनी बड़ी चीज का हिस्सा बनने के लिए शुक्रगुजार हूं.दरअसल, हाल ही गीतू मोहनदास की कन्नड़–इंग्लिश फिल्म टॉक्सिक काटीजर रिलीज किया था. एक चीज जिसने सबका ध्यान खींचा, वह यह थी यश का दो अलग–अलग लुक. उन्होंने अपने ट्रेडमार्क लंबे बाल और दाढ़ी को हटाकर क्लीन–शेव, छोटे बालों वाला लुक अपनाया.टॉक्सिक के टीजर का अंत यश के नए लुक के साथ होता है, जिसमें वह कहते हैं, मैं घर आ गया हूं डैडी. फैंस यश के दो अलग–अलग कैरेक्टर निभाने की बात से बहुत खुश है. स्टाइलिस्ट के शेयर किए गए वीडियो में दिखाया गया कि फिल्म के लिए उनका लुक कैसे बनाया गया. इससे पहले, टॉक्सिक के सोशल मीडिया पेज ने यश के लुक की एक झलक शेयर की थी, जिसमें उनका नाम टिकट बताया गया था और उनके डबल रोल कंफर्म किए गए थे. बता दें, मेकर्स ने फिल्म के अन्य किरदारों के नाम पहले ही बता दिए हैं. फिल्म में नयनतारा गंगा का रोल करेंगी, जबकि कियारा आडवाणी नादिया का, हुमा कुरैशी एलिजाबेथ का, रुक्मिणी वसंत मेलिसा का और तारा सुतारिया फिल्म में रेबेका का रोल करेंगी. टॉक्सिकरू ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन–अप्स इस साल 19 मार्च को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है.



# पति पत्नी और वो दो पोस्टपोन, अब 15 मई को थिएटर्स में आ रही सारा अली खान-आयुष्मान खुराना की फिल्म

अली खान–आयुष्मान खुराना की आगामी फिल्म पति पत्नी और वो दो अब होली के मौके पर रिलीज नहीं होगी. पति पत्नी और वो दो के मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट को आगे बढ़ाने का फैसला किया है. ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने इसकी पुष्टि की है.तरण आदर्श ने सोशल मीडिया के जरिए पति पत्नी और वो दो के बारे में अपडेट दिया. ट्रेड एनालिस्ट ने बताया कि फिल्म अपने पहली डेट पर रिलीज नहीं होगी. उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा है, पति पत्नी और वो दो को नई रिलीज डेट मिल गई है. प्रजापति पांडे की दुनिया में आपका स्वागत है. आयुष्मान खुराना, सारा अली खान, वामिका गब्बी और रकुल प्रीत सिंह पति पत्नी और वो दो के लिए टीम में शामिल हुए हैं. पति पत्नी और वो दो को नई रिलीज डेट मिल गई है. अब 15 मई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए शेड्यूल की गई है। प्रजापति पांडे की दुनिया में आपका स्वागत है. आयुष्मान खुराना, सारा अली खान, वामिका गब्बी और रकुल प्रीत सिंह पति पत्नी और वो दो के लिए टीम में शामिल हुए हैं.हाल ही में, एक मीडिया रिपोर्ट में बताया गया था कि यह फिल्म 4 मार्च को रिलीज नहीं होगी क्योंकि इसका पोस्ट–प्रोडक्शन अभी पूरा नहीं हुआ है और एक गाना भी शूट होना बाकी है. रिपोर्ट में कहा गया है कि मेकर्स इस प्रोसेस में जल्दबाजी नहीं करना चाहते थे और यह पक्का करने के लिए समय और मेहनत देना चाहते थे कि फाइनल प्रोडक्ट दर्शकों के लिए मनोरंजक और आकर्षक हो. यह फिल्म डायरेक्टर मुदस्सर अजीज की पहली किस्त के बाद इस फ्रैंचाइजी में वापसी है, जिसमें कार्तिक आर्यन, भूमि पेडनेकर और अनन्या पांडे थे. इस बार, कहानी में एक नई कास्ट और ज्यादा मजेदार कॉमेडी सिचुएशन के साथ एक नया ट्विस्ट होने का वादा किया गया है. पिछले अक्टूबर में, पति पत्नी और वो 2 का पहला पोस्टर रिलीज किया गया था, जिसमें आयुष्मान खुराना को प्रजापति पांडे के रूप में पेश किया गया था. यह फिल्म लव, ह्यूमर और कंफ्यूजन से भरी होगी. इसे भूषण कुमार और रेनू रवि चोपड़ा ने प्रोड्यूस किया है, जिसमें जूनो चोपड़ा क्रिएटिव प्रोड्यूसर हैं.



## उस्ताद भगत सिंह के खलनायक पार्थिबन का पहला लुक जारी

पावर स्टार पवन कल्याण की सबसे महत्वाकांक्षी फिल्म उस्ताद भगत सिंह से प्रशंसकों को काफी उम्मीदें हैं। निर्देशक हरीश शंकर द्वारा



निर्देशित यह एक्शन एंटरटेनर 26 मार्च, 2026 को भव्य रिलीज के लिए तैयार है। फिलहाल, फिल्म का पोस्ट–प्रोडक्शन कार्य तेजी से चल रहा है। इस फिल्म में पवन कल्याण के साथ श्रीलीला और राशि खन्ना नायिकाओं की भूमिका निभा रही हैं। हाल ही में, फिल्म टीम ने इस फिल्म के खलनायक के किरदार का पहला लुक जारी किया, जो सोशल मीडिया पर खूब चर्चा का विषय बना। तमिल अभिनेता पार्थिबन इस फिल्म में खलनायक की भूमिका में नजर आएंगे।
रिलीज हुए कैरेक्टर पोस्टर में पार्थिबन बेहद डरावने और दमदार अंदाज में नजर आ रहे हैं और काफी प्रभावशाली हैं। फिल्म में उनके किरदार का नाम नल्ला नागप्पा है। पहले लुक से ही साफ है कि पार्थिबन का राजनीतिक नेता का किरदार कहानी में अहम भूमिका निभाने वाला है। खासकर, दर्शक यह देखने के लिए उत्सुक हैं कि निर्देशक हरीश शंकर ने पवन कल्याण और पार्थिबन के बीच टकराव के दृश्यों को किस तरह फिल्माया है। रॉकस्टार देवी श्री प्रसाद इस बड़े बजट की फिल्म का संगीत दे रहे हैं, जिसका निर्माण मैत्री मूवी मेकर्स कर रहे हैं।

## सुबेदार से गाना बालम सूबेदार रिलीज, हरियाणवी टून पर दिखा अनिल कपूर का रौबदार स्वैग

फिल्म सूबेदार का नया ऑफिशियल सॉन्ग वीडियो श्बालम सूबेदारत्र्य आज रिलीज हो गया है. इस गाने में अनिल कपूर सूबेदार अर्जुन मौर्य और खुशबू सुंदर सुधा के किरदार में नजर आ रही हैं. आइकॉनिक ट्रैक के इस नए अंदाज को सुनकर आप इसे लंबे समय तक गुनगुनाते रहेंगे. रीइमेजिन किया गया यह गाना सूबेदार अर्जुन मौर्य और उनकी पत्नी सुधा के रिश्ते की एक खास झलक पेश करता है. यह वीडियो दिखाता है कि कैसे सुधा को अपने सूबेदार पर गर्व है और कैसे उनका प्यार अर्जुन को वर्दी के बाहर भी मजबूती देता है.



यह गाना अर्जुन और सुधा के रिश्ते को केंद्र में लाता है और फिल्म की दुनिया में गर्मजोशी और खास आकर्षण जोड़ता है. सुधा को अपने सूबेदार पर गर्व और दोनों की सहज केमिस्ट्री अर्जुन मौर्य के किरदार को भावनात्मक गहराई देती है. एक ऐसा शख्स जो वर्दी में सम्मान पाता है और घर पर सच्चा प्यार. विजुअल्स इस कहानी को और भी प्रभावशाली बनाते हैं, जहां नॉस्टेल्जिया और भावुक पलों का खूबसूरत मेल दिखाई देता है.

श्बलम सूबेदारत्र्य को रुत्विक तलाशिलकर ने कंपोज किया है. इस रीक्रिएटेड वर्जन को जीडी कौर ने अपनी आवाज दी है. यह गाना मूल रूप से राज मावर द्वारा रियल म्यूजिक प्रोडक्शन के लिए तैयार किया गया था. इसके नए बोल यंगवीर ने लिखे हैं और म्यूजिक सुपरविजन आकाशदीप सेनगुप्ता ने किया है.फिल्म श्सूबेदारत्र्य का निर्देशन सुरेश त्रिवेणी ने किया है ।

# मम्मी-पापा की 40वीं सालगिरह पर टूर गाइड बनीं श्रिया पिलगांवकर, वियतनाम में मनाया जश्न

मशहूर अभिनेत्री श्रिया पिलगांवकर हाल ही में अपने माता–पिता के साथ वियतनाम की सैर करके वापस लौटी हैं। उन्होंने बताया कि पेरेंट्स के साथ किसी ट्रिप पर जाना फिल्म बनाने से कम नहीं है। पिलगांवकर ने इंस्टाग्राम पर कुछ झलकियां शेयर कीं, जिसमें वे अपने माता–पिता के साथ खूब मजे करती नजर आ रही हैं। श्रेया ने लिखा, जब मम्मी–पिता ही बच्चों जैसे बन जाएं, तब परिवार के साथ छुट्टियां किसी फिल्म से कम नहीं लगतीं। थोड़ी भागदौड़ और हलचल तो होती है, लेकिन यही पल सबसे प्यारी यादें बन जाते हैं। माता–पिता को घुमाने ले जाना बहुत खास एहसास देता है। श्रिया ने आगे बताया, परिवार के साथ छुट्टियां प्लान करना आसान नहीं होता, इसलिए मौका मिले तो हम उसे कभी हल्के में नहीं लेते। हाल ही में मम्मी–पापा की शादी की 40वीं सालगिरह थी तो मैंने एक छोटा सा ट्रिप प्लान किया। इस दौरान मैं उनकी पूरी टूर गाइड बनी रही।तस्वीरों में वियतनाम की खूबसूरत जगहों पर परिवार की मस्ती साफ दिख रही है। यह ट्रिप उनके लिए बेहद यादगार साबित हुई।बता दें कि श्रिया पिलगांवकर 90 के दशक के अभिनेता सचिन पिलगांवकर और अभिनेत्री सुप्रिया पिलगांवकर की बेटी हैं। श्रेया ने भी अपने माता–पिता की तरह सिनेमा की दुनिया में अपने करियर को बनाने का फैसला लिया। बचपन से ही श्रेया फिल्मों में बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट काम करती रहीं और छोटे किरदारों के जरिए अपने अभिनय को निखारा। साल 2010 में श्रेया ने चल चलिए नाम की शॉर्ट फिल्म से अपने करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने एक कुल्टी जैसी कुछ कहानियों के जरिए अपना नाम बनाने की कोशिश की है।अभिनेत्री जल्द ही फिल्म हैवान में नजर आने वाली हैं। फिल्म की शूटिंग पूरी हो गई है। इस बात की जानकारी उन्होंने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए दी थी। इस फिल्म की शूटिंग के कुछ भाग ऊंटी में शूट किए गए थे। फिल्म में सैफ अली खान और अक्षय कुमार साथ में नजर आएंगे। दोनों लगभग 18 सालों के बाद स्क्रीन पर साथ नजर आएंगे, जिसे देखने के लिए प्रशंसक और भी ज्यादा उत्साहित हैं।



# मनीष मल्होत्रा का बोले चूड़ियां से प्रेरित नया आउटफिट, न्यासा देवगन को बनाया अपनी मश्डल

मशहूर कॉस्ट्यूम डिजाइनर मनीष मल्होत्रा अपनी बेहतरीन कारीगरी और टाइमलेस डिजाइन को लेकर जाने जाते हैं। उनके बनाए कपड़े काफी समय तक लोगों के दिलों में खास जगह बनाए हुए हैं। हाल ही में मनीष ने एक नया आउटफिट तैयार किया है। मनीष का कहना है कि यह आउटफिट फिल्म कभी खुशी कभी गम के मशहूर गाने बोले चूड़ियां में करीना की ड्रेस से प्रेरित है। यह ड्रेस आज भी पॉपुलर है। मनीष ने इस नए वर्जन की ड्रेस के लिए मॉडल के तौर पर अजय देवगन और काजोल की लाडली न्यासा देवगन को रखा। उन्होंने यह ड्रेस न्यासा पर ट्राई की, जिसकी तस्वीर इंस्टाग्राम पर पोस्ट की।मनीष ने लिखा, साल 2001 में आई फिल्म कभी खुशी कभी गम का गाना बोले चूड़ियां भारतीय शादियों में संगीत की परंपरा शुरू करने वाला माना जाता है। इस गाने में पूरा परिवार सज–धजकर डांस करता है। करण जौहर की इस फिल्म में करीना के कपड़े 25 साल बाद भी पॉप कल्चर का हिस्सा हैं और लोग उन्हें याद करते हैं।मनीष ने आगे बताया कि कई सालों से उनके यहां बोले चूड़ियां से प्रेरित आउटफिट बनते रहे हैं। इन ड्रेस को मॉडल अनीता कुमार से लेकर दुनिया भर के ग्राहकों ने पहना है। अब 2025–26 के नए वर्जन में न्यासा देवगन इस लुक में बेहद आकर्षक दिख रही हैं।मनीष ने करियर को लेकर बताया, मैंने साल 1990 में कॉस्ट्यूम डिजाइनिंग से शुरुआत की थी। फिल्मों में कई नए स्टाइल शुरू किए, जो बाद में आम भारतीय फैशन का हिस्सा बन गए। अलग–अलग पीढ़ियों में इन डिजाइनों के नए रूप देखने को मिले हैं। इसी वजह से ये कॉस्ट्यूम हमेशा यादगार और टाइमलेस बने रहते हैं।बता दें कि साल 2001 में रिलीज हुई फिल्म कभी खुशी कभी गम में करीना का स्टाइलिश और ग्लैमरस किरदार काफी आइकॉनिक था, जो आज भी सोशल मीडिया पर ट्रेंड करता रहता है। उनके किरदार के डांस, डायलॉग, बोल्ड और फैशन–फॉरवर्ड आउटफिट्स से आज की जेनजी भी रिलेट करती हैं।



हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।